



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुरु की मामले की जांच

# सरपंच पति अवैध, सांसद-विधायक और पार्षद भी नहीं बना सकते रिश्तेदारों को प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ से मांगा ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट ने अब से दो साल पहले कहा था कि निर्वाचित महिला सरपंचों के पतियों और अन्य पुरुष रिश्तेदारों द्वारा उनकी ओर से अधिकारों का प्रयोग करना असंवैधानिक और गैरकानूनी प्रथा है। सरपंच पतियों के दखल को अनुचित माना गया था, इसी आधार पर राष्ट्रीय मानवाधिकार ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ये है मामला

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के कामकाज में, विशेष रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में संवैधानिक आदेशों और मानवाधिकारों के ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर




### नगरीय प्रशासन ने मंगाया ब्योरा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का पत्र मिलने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निकाय प्रमुखों से यह ब्योरा मांगा है कि सांसदों, विधायकों, पार्षदों के कितने रिश्तेदारों को प्रतिनिधि बनाया गया है।

### छत्तीसगढ़ सहित राज्यों को नोटिस

इस पूरे मामले को लेकर आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ ने लोगों के मानवाधिकारों और महिलाओं के सम्मान के अधिकार की सुरक्षा के मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान में लिया है। ▶▶| शेष पेज 8 पर

9 मरीजों को आंखें खोने का डर

## संक्रमण की वजह ऑपरेशन थियेटर या दवाएं जांच करने पहुंची टीम



- चार दिन बाद रिपोर्ट संयुक्त संचालक को सौंपा जाएगा
- टीम ने ऑपरेशन थियेटर की जांच व मरीजों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

हरिभूमि फॉलोअप

स्वास्थ्य संचालक द्वारा गठित की गई टीम गुरूवार को बीजापुर जिला अस्पताल निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने नेत्र वार्ड में भर्ती मरीजों से बात की, उसके बाद ऑपरेशन थिएटर का मुआयना किया, जहां मरीजों का ऑपरेशन किया गया था। टीम स्वास्थ्य संचालक को चार दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी। उसके बाद ही मालूम होगा किन कारणों से मरीजों की आंखों में गंभीर इन्फेक्शन हुआ है।

बीजापुर जिला अस्पताल में 14 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद 8 महिला एवं एक पुरुष की आंखों में सूजन और इन्फेक्शन होने के बाद मेकहारा रायपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। प्रकरण की जानकारी लगने के बाद ▶▶| शेष पेज 8 पर

### छह मरीजों का विट्रेक्टोमी ऑपरेशन, एक कार्निया प्रत्यारोपण

*इधर, आंबेडकर अस्पताल में भर्ती किए गए मरीजों का इलाज जारी है। नेत्ररोग विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पांडेय ने बताया कि बीजापुर के जिला अस्पताल से रेफर होकर आये पोस्ट-ऑपरेटिव एंडोफ्थालमाइटिस के छह मरीजों का विट्रेक्टोमी ऑपरेशन किया गया है। सभी नौ मरीजों को इंट्राविट्रियल इंजेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ ही एक मरीज का कार्निया प्रत्यारोपण भी किया गया है। वर्तमान में सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को मरीजों के उपचार एवं उचित देखभाल के लिए निर्देश दिए हैं।*

### बयान लिया गया

*पहले हम तो अच्छे से जांच कर लें, फिर इसकी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मरीजों की आंखों में किन कारणों से इन्फेक्शन हुआ है, अभी कुछ पता नहीं चला है। डॉक्टर, कर्मचारी और मरीजों का बयान लिया गया, जांच रिपोर्ट बनाने में तीन से चार दिन लगेंगे, उसके बाद ही वजह मालूम होगी।*

*- डॉ. महेश, संयुक्त संचालक, जगदलपुर*

विस्फोटक को आतंकी 'शिपमेंट' और 'पैकेज' जैसे कोडवर्ड से करते थे संबोधित

# देश में 32 कारों से बम ब्लास्ट की थी तैयारी, धमाके में उड़ गए उमर के चिथड़े

### महत्वपूर्ण तथ्य

- रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट पर बढ़ी सुरक्षा, दिल्ली की यात्रियों के लिए जारी हुई एडवायजरी
- विस्फोटक का 'शिपमेंट' और 'पैकेज' कोडवर्ड नाम, विदेशी हैंडलर्स से कोड में करते थे बात
- फर्जी नामों पर पंजीकृत कराई गईं कारें, पहचान की हो रही कोशिश
- 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, मिले कई सुराग

*दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला इलाके में धमाके को लेकर जांच एजेंसियों ने बड़े आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया है कि संदिग्ध आतंकियों ने देशभर में 32 पुरानी कारों में बम लगाकर सीरियल ब्लास्ट की योजना बनाई थी। इधर, जांच टीम ने फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय से दो शिक्षकों डॉ. उमर नबी और डॉ. मुजम्मिल के कमरों से कई डायरियां बरामद की हैं, जिसमें कई अहम राज हैं। इस बीच, मांस के टुकड़ों की डीएनए जांच से पता लगा कि मरने वाला डॉ. उमर नबी ही था। विस्फोट से उसके चिथड़े उड़ गए।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शुरुआती जांच में यह पता चला है कि आरोपी पहले ही दो कारों आई20 और ईको स्पोर्ट को विस्फोटक से लैस करने का काम शुरू कर चुके थे। फिलहाल जांच टीमें उन अन्य कारों की पहचान में जुटी हैं, जो इस नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं। इधर, दिल्ली पुलिस ने लाल किला विस्फोट के आरोपी डॉ. उमर नबी द्वारा इस घटना को अंजाम दिए जाने से पहले उसके फरीदाबाद से निकलने और फिर अलग-अलग रास्तों से होकर लाल किला पहुंचने तक के रूट की कड़ी से कड़ी जोड़ी है। इसके लिए पुलिस ने अलग-अलग ▶▶| शेष पेज 8 पर



### तीसरी संदिग्ध कार हरियाणा में मिली

दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने गुरुवार को फरीदाबाद से इस मॉड्यूल से जुड़ी तीसरी ब्रेजा कार को बरामद किया। यह बरामदगी अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अंदर से हुई। यह कार लेडी आतंकी डॉ. शाहीन के नाम पर बताई जा रही है।

### इको स्पोर्ट्स कार से विस्फोटक की ढुलाई

कार धमाका करने वाले आतंकी डॉ. उमर उन नबी के नाम वाली इको स्पोर्ट्स कार (डीएल10सीके-0458) की जांच में खुलासा हुआ है कि इससे विस्फोटक की ढुलाई की गई थी।

### विस्फोट से पहले आखिरी नमाज

जांच में एक और बड़ा सबूत सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने पुष्टि की है कि धमाके से कुछ देर पहले आतंकी डॉक्टर उमर नबी को तुर्कमान गेट इलाके में देखा गया था। सीसीटीवी फुटेज में वह शर्ट और जींस पहने सड़क पर टहलता हुआ दिख रहा है। माना जा रहा है कि वह शाम की नमाज अता करने के लिए तुर्कमान गेट मस्जिद गया था। मस्जिद से निकलने के बाद वह उसी दिशा में गया, जहां से ब्लास्ट की गई कार बाद में बरामद हुई। जांच अधिकारी ने बताया, फुटेज से पता चलता है कि उमर नबी फरीदाबाद से सुबह 7 बजे निकला ▶▶| शेष पेज 8 पर





# बीजापुर के नेशनल पार्क में मारे गए नक्सलियों पर था 27 लाख का ईनाम, 6 घंटे तक चली मुठभेड़

बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में मंगलवार सुबह 10 बजे से लगभग 6 घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने जिन आधा दर्जन नक्सलियों को मार गिराया। उन पर 27 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के शव के अलावा अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किया है। बीजापुर में आयोजित पत्रवार्ता में मुठभेड़ की जानकारी देते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नेशनल पार्क एरिया स्थित कांदुलनार-कचलारम के जंगल में डीकेएसजेडसीएम पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना ऊर्फ बुचन्ना, पापाराव की पत्नी डीवीसीएम उर्मिला, डीवीसीएम मोहन कड़ती व पश्चिम बस्तर डिविजन के 50-60 माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

## कुख्यात नक्सली पापाराव भागने में रहा सफल, पत्नी उर्मिला समेत 6 ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/बीजापुर



हरिभूमि फॉलोअप

यह मुठभेड़ कांदुलनार-कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में हुई, जो सुबह 10 बजे से शुरू हुई और शाम तक चली। मुठभेड़ के दौरान दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर पापाराव व कुछ अन्य भागने में सफल रहा। वहीं सुरक्षाबलों ने जिन आधा दर्जन नक्सलियों को मार गिराया, इनमें 8-8 लाख के ईनामी डीवीसीएमकन्ना ऊर्फ बुचन्ना ऊर्फ बुचन्ना कुड़यिम, उर्मिला, 5 लाख का ईनामी एसीएम जगत तामो ऊर्फ मोटू के अलावा 2-2 लाख के ईनामी पार्टी मेंबर देवे, भगत व मंगली ओयाम शामिल है। जवानों ने नक्सलियों के शव के अलावा 2 नग इंसास रायफल, 5 मैग्जीन, 68 कारतूस, कारबाईन, मैग्जीन, 303 रायफल, सिंगल शॉट रायफल, 12 बोर बदूंक व कारतूस के अलावा रेडियो, स्केनर, मल्टीमीटर, हेण्ड ग्रेनेड,सेफ्टी फ्यूज, माओवादी साहित्य, पोच, माओवादी वर्दी, मेडिकल सामग्री एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है। पत्रवार्ता के दौरान आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी बीजापुर डॉ जितेंद्र कुमार यादव, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय, एसपी एसटीएफ स्मृतिक राजनाला, डीआईजी केआरपीएफ ऑप्स राकेश चौधरी व अन्य मौजूद थे।

**शांतिपूर्ण और नक्सलमुक्त बस्तर का हमारा लक्ष्य स्पष्टः** वर्तमान परिस्थितियों में माओवादी संगठन पूरी तरह से घिर चुका है और अब उनके पास हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के अलावा कोई अन्य विकल्प शेष नहीं रह गया है। पिछले 20 माह में संचालित नक्सल विरोधी अभियान में केन्द्रीय कमेटी मेंबर डीकेएसजेडसी मेंबर, पीएलजीए कैडर समेत कुल 447 माओवादी कैडर्स के शव बरामद किए जा चुके हैं।

**सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर**

### कुख्यात नक्सली कन्ना पर 42 अपराधिक मामले और 18 स्थायी वारंट था लंबित

एक दशक से इलाके में आंतक का पर्याय बने डीवीसीएम कन्ना ऊर्फ बुचन्ना ऊर्फ बुचन्ना कुड़यिम के खिलाफ कैंप अटैक, पुलिस मुखबिरी के संदेह में 20 से ज्यादा ग्रामीणों की हत्या, आधा दर्जन आईईडी विस्फोटों का मास्टर माइंड था। नवंबर 2017 में थाना भद्रकाली क्षेत्र में हुए एक विस्फोट में आरक्षक संतोष यादव शहीद हुए थे। इसके अलावा फरवरी 2018 में कांकेर रोडवेज की यात्री बस सहित चार वाहनों को आग लगाने की घटनाओं का मास्टर माइंड था। दिसंबर 2024 में थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के ग्राम गुज्जाकोंटा में डकैती की वारदात को अंजाम देने, चिन्नाकवाली अप्रैल 2025, आदेड़ मई 2024 और कांदुलनार जून 2025 में संचार टावर जलाने की घटनाओं का संचालन किया, ताकि जनता के संपर्क तंत्र को बाधित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट परिसर में पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविर 16 को

**रायपुर।** रायपुर नगर सहित प्रदेश के पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन रायपुर के संयोजन में 16 नवंबर को छग पेंशनर भवन कलेक्टोरेट परिसर में 'स्वास्थ्य शिविर लगया जाएगा। यह जानकारी छग पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने देते हुए बताया कि पेंशनरों के स्वास्थ्य, ठंड ऋतु में होने वाली बीमारियों के साथ ही आंख, किडनी और हार्ट का निशुल्क परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। इस शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य का परीक्षण कराया एवं इस अवसर का लाभ उठाएं। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर का भी परीक्षण किया जाएगा। इसी दिन पेंशनरों की एक आवश्यक बैठक भी की जाएगी, जिसमें पेंशनरों को विगत 26 वर्षों से पेंशनरी भुगतान के लिए मप्र एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्गठन के अधिनियम 2000 की धारा 49(6) का बहाना लेकर सहमति लेने की परम्परा समाप्त करने पेंशनरी भुगतान के संबंध में समुचित धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिए जाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### घटना के बाद जांच टीम का गठन, दवा की गुणवत्ता पर उठा सवाल

# आईआईटी में कोहराम, स्टूडेंट्स का देर रात प्रदर्शन, कहा-कैदियों की तरह रखा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आईआईटी भिलाई में छात्र सौमिल साहू की मौत के मामले में कोहराम मच गया है। प्रबंधन के खिलाफ छात्र खुलकर सामने आ गए हैं। बीती रात छात्रों ने आईआईटी कैम्पस में जमकर प्रदर्शन किया। तख्तियां लेकर छात्रों ने नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि उन्हें कैदियों की तरह रखा जा रहा है। कैम्पस के बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। लोगों से बात तक नहीं करने दे रहे हैं। परिजनों से भी वे बात नहीं कर पा रहे हैं। रात में छात्रों ने स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही आत्महत्या नहीं यह हत्या है, लापरवाही की कीमत जान से क्यों, हत्या पर खामोशी नहीं न्याय की मांग, वी वॉन्ट जस्टिस जैसी तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

छात्र गुरूवार की शाम 7 बजे तक धरने पर बैठे हुए थे। सौमिल के मौत को लेकर आईआईटी के छात्रों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आईआईटी मैनेजमेंट ने छात्र के इलाज में लापरवाही बरती गई। 10 नवंबर को पांचवां दीक्षांत समारोह यहां चल रहा था। सारा प्रबंधन आयोजन की तैयारी में व्यस्त था। कैम्पस के अस्पताल में डॉक्टर भी नहीं थे। अचानक यहां के के छात्र एमपी निवासी सौमिल साहू और एक अन्य छात्र की सेहत बिगड़ गई। जिसमें सौमिल की मौत हो गई। वहीं दूसरा छात्र आईसीयू में भर्ती है। अब वह खतरे से बाहर है। मृतक छात्र सौमिल आईआईटी भिलाई में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के बीटेक प्रथम सेमेस्टर का छात्र था।



**दूसरे छात्र का उपचार जारीः** एक और छात्र भर्ती है। उसका इलाज जारी है। दो छात्रों के साथ ऐसा हुआ था। छात्रों ने कोई गलत दवा खा ली थी। लेकिन मैं उस दिन दोनों लोगों को देख रहा था। एक छात्रा आईसीयू में थी। वो किसी भी तरह के खतरे से बाहर है।

-राजीव प्रकाश, डायरेक्ट आईआईटी, भिलाई

### छात्रों के प्रदर्शन के बाद हरकत में आया प्रशासन

छात्रों के प्रदर्शन के बाद प्रशासन हरकत में आया। स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित छात्रों द्वारा उठाई गई चिंताओं की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है, जो 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट देगी। कलेक्टर से स्वास्थ्य केंद्र में एक सरकारी डॉक्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जा चुका है, जिस पर दुर्ग कलेक्टर ने सहमति दे दी है। कैंपस के स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे डॉक्टर और एम्बुलेंस की व्यवस्था। आईआईटी भिलाई के निदेशक ने आईआईटी भिलाई के मेडिकल अफसर अतुल प्रकाश श्रीवास्तव को किया सस्पेंड। सौमिल साहू के परिवार को एक शोक संदेश भेजा गया। परिवार को सभी आवश्यक प्रशासनिक सहायता प्रदान की गई है। आईआईटी भिलाई के निदेशक ने दुर्ग एसएसपी को मामले की जांच करने के लिए अनुरोध पत्र भेजा।

### कॉलेज कैम्पस में पिछले दो दिनों से जारी है प्रदर्शन

सौमिल के मौत को लेकर आईआईटी के सभी छात्रों ने मिलकर कैंपस में दो दिनों से प्रदर्शन करते रहे हैं। प्रदर्शन कर रहें छात्रों का आरोप है कि सौमिल चार बार अस्पताल गया लेकिन तीनों बार डॉक्टर नहीं मिला। एक बार जब डॉक्टर मिला तो उसने चेक किए बिना ही पैरासिटामॉल और ओआरएस देकर लौटा दिया। सौमिल की जांच तक नहीं किया। 11 नवंबर को सैमिल की सेहत बिगड़ी और सुबह उसकी मौत हो गई। इस पूरे मामले में प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। खबर यह भी है आईआईटी में पुलिस वालों ने श्रद्धांजलि सभा छात्रा द्वारा किया जा रहा था। जिसे रोकवा दिया गया। इसके अलावा शोकसभा करने से मना किया गया।

### जितनी पानी की खपत, उतना शुल्क

## 31 दिसंबर तक 24 घंटे मिलेगा पानी, प्रति व्यक्ति रोजाना 158 लीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर में अपने बहुप्रतीक्षित 24 घंटे जल आपूर्ति के प्रोजेक्ट को 31 दिसंबर तक शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रोजेक्ट के अमल में आने से शहर के 15 चयनित वार्डो को इसका लाभ मिल सकेगा। इसमें प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 158 लीटर शुद्ध पानी की खपत को मानक मानकर जल आपूर्ति की जाएगी। हालांकि नगर निगम ने अभी तक इसके लिए दर तय नहीं की है। राजधानी के 15 वार्डो के 1 लाख 15 हजार आबादी को 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी जल्द मिलेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी ने 130 करोड़ के पॉयलट प्रोजेक्ट में 180 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाने के साथ ही 23 हजार में से 20 हजार से अधिक घरों में वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है।



### इन वार्डो को मिलेगा फायदा

गंज कमांड एरिया : रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, स्वामी आत्मानंद वार्ड। **मोतीबाग कमांड एरिया :** महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, विपिन बिहारी सूर वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा प्रभारी करेंगे एसआईआर की निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में हो रही एसआईआर की निगरानी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस के सभी बीएलए का प्रशिक्षण उसी विधानसभा क्षेत्रों में तत्काल किया जायेगा। हर विधानसभा क्षेत्र के दो वरिष्ठ नेताओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदेश मुख्यालय में किया जायेगा। राजीव भवन में हुई बैठक में यह भी तय किया गया कि सारे वरिष्ठ नेता तथा लोकसभा प्रभारी अलग-अलग क्षेत्रों में एसआईआर के काम की निगरानी करेंगे। जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, मंडल एवं जोन कमेटियों के साथ विधायकों एवं विधानसभा प्रभारियों, सभी निर्वाचित पदाधिकारियों से एसआईआर के काम में गंभीरता से जुटने का निर्देश दिया गया है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, निगरानी समिति के संयोजक मोहन मरकाम, सह संयोजक पूर्व मंत्री नेंद्र साहू, रविन्द्र चौबे, उमेश पटेल, राघवेन्द्र सिंह, अरूण वोरा, राजेन्द्र साहू, शैलेश नितिन त्रिवेदी, बिरेश ठाकुर, शफी अहमद, तारणी चंद्राकर, महामंत्री सकलेन कामदार, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने रखी ये 6 मांगें

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लोगों को सूचना, शिकायत दर्ज करने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर्याप्त समय उपलब्ध हो। राज्य ग्रामीण, आदिवासी एवं वन जंगल क्षेत्रों से घिरा हुआ है। अनेक गांव दूरस्थ हैं जहां संचार या परिवहन की सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं, इन क्षेत्रों के नागरिकों के पास अपने दस्तावेज व्यवस्थित रूप से रखने या प्राप्त करने में स्वाभाविक कठिनाइयां होती हैं।

## तोमर के बचाव में उतरी करणी सेना, एसएसपी, टीआई के घर घुसने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

सूदखोर वीरेंद्र तोमर के बचाव में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में 40 मिनट से ज्यादा का वीडियो अपलोड किया है। अपने लाइव वीडियो में करणी सेना अध्यक्ष ने वीरेंद्र तोमर का पुलिस द्वारा जुलूस निकाले जाने का विरोध किया है। साथ ही उसने करणी सेना के लोगों द्वारा एसएसपी निवास तथा संबंधित जांच अधिकारी के घर धावा बोलने की धमकी दी है।

डॉ. शेखावत ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज के लाखों लोग बहुत जल्द रायपुर कूच करेंगे। हम उन पुलिस वालों के घर में भी घुसेंगे जो तोमर के घर के अंदर घुसे थे। इसके अलावा शेखावत ने इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने की धमकी दी है। तीन माह पूर्व राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने रायपुर में एक प्रेस कांन्फ्रेंस में कहा था कि हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर का करणी सेना से कोई संबंध नहीं है।

### महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जांच के नाम पर वीरेंद्र तोमर के घर घुसकर पुलिसकर्मियों द्वारा वीरेंद्र की मां तथा उसकी पत्नी तथा घर की अन्य महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। शेखावत ने पुलिसकर्मियों से इस बात का बदला लेने की चेतावनी दी है। शेखावत ने सभी क्षत्रियों को पुलिस को जवाब देने डंडा तथा झंडा लेकर आने का आव्हान किया है। शेखावत ने अपने आपको फौजी बताते हुए आतंकवादियों को धूल चटाने की बात कही।

### डिजिटल ड्रा प्रणाली से टीला-ए खदान की नीलामी

रायपुर। रायपुर जिले में चिन्हांकित की गई सात नई रेत खदानों में से एक खदान की नीलामी बुधवार को कर दी गई। गोबरा नवापारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीला-ए रेत खदान के लिए पहली बार रिवर्स ऑक्शन से (ऑनलाइन) नीलामी की गई। इस एक खदान के लिए रायपुर के साथ दूसरे जिलों से भी आवेदन किए गए थे।

### कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र की घटना, मर्ग कायम कर जांच में लिया

# संपवेल में मिली तीन दिन पुरानी लाश, शिनाख्त अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

संपवेल में मिली तीन दिन पुरानी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि बस स्टैण्ड में स्थित जलघर संपवेल में 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के मरचूरी में रखा गया है। शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।



संपवेल में अधेड़ कैसे पहुंचा, इसकी जांच पुलिस कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरों को भी खंगाल रही है। शव को पुलिस ने किसी तरह बाहर निकाला है। शव को बाहर निकालकर देखा गया तो सड़ चुका था। अधेड की दाढ़ी भी पक्की सफेद था। मौत के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। निगम ने 30 मई को एसपी को पत्र को लिखा था। जिसमें फिल्टर प्लांट की सुरक्षा की मांग की गई थी। आसपास संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। नशाखोरी की जा रही है। आपत्ति करने पर लोग गाली गलौच और मारपीट करने अज्ञात लोग करते है।



### परिजनों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस शव का फोटो खींचकर वारिसान की तलाश में सोशल मीडिया में वायरल कर पातसाजी में जुटी हुई है। इसके अलावा आसपास से लापता हुए लोगों की भी अलग-अलग थानों से जुटाई जा रही है। किसी तरह शव का शिनाख्त जल्द हो सके और परिजनों को जानकारी मिल जाए। प्रभारी नवीन राजपुत घटना को लेकर जांच में जुटे हुए है। सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES BILASPUR

डायबिटीज़ में

हार्ट और किडनी फेलियर का ख़तरा बढ़ जाता है इसलिए इनकी देखभाल बेहद ज़रूरी है।



डायबिटीज़ से न केवल ब्लड शुगर प्रभावित होता है, बल्कि यह दिल और किडनी के लिए भी गंभीर ख़तरा पैदा कर सकता है। भारत में लाखों लोग डायबिटीज़ से ग्रस्त हैं और उनमें हृदय व गुर्दे की बीमारियों का ख़तरा बढ़ जाता है। अपोलो हॉस्पिटल्स, बिलासपुर में डायबिटीज़ से जुड़ी जटिलताओं की रोकथाम और प्रभावी इलाज उपलब्ध है।

डायबिटीज़ का हार्ट पर क्या असर होता है?

- **ब्लड वेसल्स को नुकसान:** हाई ब्लड शुगर से हृदय के ब्लड वेसल्स और पतले हो जाते हैं, जिससे हार्ट अटैक का ख़तरा बढ़ जाता है।
- **हाई ब्लड प्रेशर:** डायबिटीज़ के मरीज़ों में हाई बीपी का ख़तरा अधिक रहता है, जो दिल पर दबाव डालता है।
- **कोलेस्ट्रॉल लेवल:** ख़राब कोलेस्ट्रॉल (LDL) बढ़ने से कोरोनरी आर्टरी डिसीज़ हो सकती है।
- **सूजन और हृदय संबंधी समस्याएं:** शरीर में सूजन से हार्ट के फंक्शन पर असर पड़ता है।

डायबिटीज़ का किडनी पर क्या असर होता है?

- **किडनी फेलियर का ख़तरा:** ब्लड शुगर के बढ़े स्तर से किडनी के छोटे ब्लड वेसल्स डैमेज हो जाते हैं।
- **प्रोटीन लीक:** डायबिटीज़ से प्रभावित किडनी, पेशाब में प्रोटीन का रिसाव बढ़ा सकती है, जो शुरुआती डैमेज का संकेत है।




कैसे रखें हार्ट और किडनी को स्वस्थ?

- **स्वस्थ आहार लें:** ताज़े फल, सब्जियाँ और साबुत अनाज को प्राथमिकता दें।
- **नियमित व्यायाम करें:** हफ्ते में 5-6 दिन 45 मिनट की एक्सरसाइज़ करें।
- **वज़न नियंत्रित रखें:** अतिरिक्त वज़न कम करने से डायबिटीज़ से जुड़ी जटिलताओं का ख़तरा घटता है।
- **धूम्रपान छोड़ें:** धूम्रपान दिल और किडनी दोनों के लिए हानिकारक है।
- **नियमित जाँच कराएं:** समय-समय पर ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जाँच करवाएं।

यदि आपको लंबे समय से डायबिटीज़ है, तो यह जानना ज़रूरी है कि आपके हार्ट और किडनी की स्थिति कैसी है। सही समय पर जाँच और उचित इलाज से गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है।

हमारे विशेषज्ञ:

डॉ. कल्पना दास — वरिष्ठ सलाहकार, एंडोक्राइनोलॉजी
डॉ. मनोज राय — वरिष्ठ सलाहकार, इंटरनल मेडिसिन
डॉ. विजय श्रीवास — वरिष्ठ सलाहकार, इंटरनल मेडिसिन
डॉ. संध्या चंदेल — सलाहकार, इंटरनल मेडिसिन

Deaprtment of Endocrinology & Internal Medicine

अपोलो हॉस्पिटल्स, बिलासपुर | 07752-248300-248306 |



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## एसआईआर के लिए सभी जिलों के शिक्षकों की ड्यूटी

# सुबह से शाम तक केवल खेल की कक्षाएं क्योंकि शिक्षक व्यस्त हैं फर्जी मतदाता ढूंढने में...

- मध्यान्ह भोजन परोसने वाले किसी तरह रोक रहे छात्रों को स्कूल में
- दिसंबर माह में होनी है अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं, जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं

**केस 1**

दुर्ग जिले में करीब 1600 शिक्षकों की ड्यूटी इस कार्य में लगा दी गई है। दुर्ग जिले के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नेवईभाठा स्कूल में एक अलग नजारा दिखाई दिया। यहां शिक्षक नहीं होने की वजह से एक छात्रा अपने ही ▶▶| शेष पेज 8 पर

**केस 2**

शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 2 में दो ही शिक्षक हैं और उन्हें भी एसआईआर में लगा दिया गया है। बच्चे स्कूल आ रहे हैं और इधर-उधर खेलकूद कर वापस अपने घर चले जाते हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने वालों के भरोसे बच्चों को छोड़ दिया गया है।

**केस 3**

शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी में पहली से लेकर पांचवी तक 81 बच्चे अध्ययनरत हैं। यहां एक हेडमास्टर और 3 सहायक शिक्षक हैं। जिला निवार्चन आयोग ने हेडमास्टर और दो शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी है। केवल एक शिक्षिका के भरोसे यह स्कूल चल रहा है।

**केस 4**

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में दो-दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। इनमें से एक शिक्षक को चुनावी कार्य में लगा दिया गया है। एक शिक्षक पांच कक्षाओं को कैसे पढ़ाए, यह समस्या बनी ▶▶| शेष पेज 8 पर

**केस 5**

अन्य जिलों की तरह राजनांदगांव में भी युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों का ट्रांसफर किया गया और इसके बाद जिले में कोई भी स्कूल एकल शिक्षकीय ही नहीं रहा। अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य में ऐसे स्कूलों के ▶▶| शेष पेज 8 पर

**केस 6**

बस्तर जिले में पहले से ही शिक्षक संख्या कम है। अनेक विद्यालय एकल शिक्षकीय हैं। ऐसे में शिक्षक मतदाता सूची के सत्यापन कार्य से शिक्षण गतिविधियां ठप पड़ गई है। शिक्षक संगठनों ने भी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं। ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग

प्रदेश भर में मतदाता सूची का निरीक्षण प्रारंभ हो गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर कार्य में जिला निर्वाचन आयोग ने प्रदेशभर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को झोंक दिया है। इसकी वजह से कहीं शालाओं में पढ़ाने के लिए एक भी शिक्षक नहीं है तो कहीं एक या ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि लाइव



### पढ़ाई ठप

जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठप है। अगले महीने छिमाही परीक्षा होनी है। पहले की किताबें देरी से आने की वजह से कोर्स में पिछड़े हुए हैं। हमने कलेक्टर दुर्ग के समक्ष मांग रखी है कि गैर शिक्षकीय कार्य से शिक्षकों को मुक्त रखा जाए नहीं तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।
-कृष्ण कुमार वर्मा, दुर्ग जिलाध्यक्ष, समग्र शिक्षक फेडरेशन

### निर्वाचन आयोग ने लगाई है ड्यूटी

*शिक्षकों की ड्यूटी सीधे जिला निवार्चन कार्यालय से लगाई गई है। पहले भी शिक्षकों की ड्यूटी लगती रही है। हमारी कोशिश है कि कोई भी स्कूल में पढ़ाई प्रभावित न हो। कहीं ऐसी स्थिति है तो उसे संज्ञान में लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।* -अरविंद मिश्रा, डीईओ दुर्ग

### एकल शिक्षकीय स्कूलों के शिक्षक नहीं

*जिले के किसी भी एकल शिक्षकीय स्कूलों के शिक्षकों की मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी नहीं लगाई गई है। जहां दो शिक्षक है, वहां के एक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।* -बलीराम बघेल, डीईओ, बस्तर

## घर खरीदारों से धोखाधड़ी और शराब घोटाला मामले में ईडी का बड़ा एक्शन

# जेपी इंफ्राटेक के पूर्व एमडी गिरफ्तार छत्तीसगढ़ में चैतन्य की संपत्ति अटैच

*ईडी ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। एक ओर रियल्टी कंपनी 'जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड' के पूर्व एमडी मनोज गौड़ को घर खरीदारों के साथ 14,599 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में गिरफ्तार किया है। वहीं, छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

'जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड' के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज गौड़ को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि घर खरीदारों से एकत्रित धनराशि को विभिन्न ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे परियोजनाएं अधूरी रह गईं और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी हुई। ईडी ने पाया कि गौड़ जेपी सेवा संस्थान (जेएसएस) के प्रबंध ट्रस्टी हैं, जिसे स्थानांतरित निधि का कुछ हिस्सा प्राप्त हुआ था।

अधिकारियों ने बताया कि उनके खिलाफ जांच घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ईडी ने जेपी विशटाउन और जेपी ग्रीन्स परियोजनाओं के घर खरीदारों द्वारा दायर शिकायतों के आधार पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों के आधार पर जेपी समूह के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 8 पर

**फंड्स को ग्रुप की दूसरी कंपनियों में ट्रांसफर करने का आरोप**

### डिजिटल रिकॉर्ड जब्त

तलाशी के दौरान ईडी ने बड़ी मात्रा में वित्तीय और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए। साथ ही धन शोधन और धन के हेरफेर के अपराध को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी की जांच से जेपी समूह और उससे जुड़ी संस्थाओं के बीच लेन-देन के धन के हेरफेर की योजना बनाने और अंजाम देने में गौड़ की अहम भूमिका रही।



### खरीदारों के पैसों की धोखाधड़ी

जेपी इंफ्राटेक लिमिडेट पर प्रवर्तन निदेशालय की जांच उन आरोपों को लेकर हैं, जिनमें कहा गया है कि कंपनी ने उसके प्रोजेक्ट्स में घर खरीदारों से लिए गए पैसे को दूसरी जगहों पर लगाया और इनका दुरुपयोग किया। इस धोखाधड़ी में कई निवेशकों का पैसा अटका पड़ा है।

### क्या है पूरा मामला

जेपी इंफ्राटेक एनसीआर का एक बड़ा रियल एस्टेट डेवलपर था, जो यमुना एक्सप्रेसवे पर विश टाउन और जेपी ग्रीन्स जैसे प्रोजेक्ट्स बना रहा था। लेकिन 2017 में आईडीबीआई बैंक ने 526 करोड़ रुपए के डिफॉल्ट पर एनसीएलटी इलाहाबाद में पिटीशन दाखिल की। 9 अगस्त 2017 को इन्सॉल्वेंसी प्रोसेस शुरू हो गया।

### शराब घोटाला केस में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति अटैच

**रायपुर।** राज्य के चर्चित शराब घोटाला केस में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल, अचल संपत्ति अस्थायी तौर पर अटैच की है। यह जानकारी ईडी ने अपने ऑफिसियल एक्स में पोस्ट में साझा की है। चैतन्य की संपत्ति अटैच होने के बाद शराब घोटाला केस में अब तक 276 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच हो चुकी है। ईडी ने जानकारी साझा करते हुए बताया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत चैतन्य बघेल की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की गई है। अटैच संपत्ति में 364 आवासीय भू-खंड के साथ कृषि भूमि शामिल ▶▶| शेष पेज 8 पर



- ईडी ने अपने ऑफिसियल एक्स पोस्ट में जानकारी साझा कर दी जानकारी

## अरसे बाद सीएम हाउस में जनदर्शन उमड़ी भीड़, मिली 915 अर्जियां



**रायपुर।** लंबे अंतराल के बाद गुरुवार को सीएम हाउस में हुए जनदर्शन में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। समस्यों के निराकरण और सुविधाओं की मांग से लेकर आर्थिक सहायता के लिए फरियादी यहां पहुंचे। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, लंबे अंतराल के बाद जनदर्शन का आयोजन हुआ। जनदर्शन में 915 आवेदन प्राप्त हुए। स्वेच्छानुदान, निर्माण कार्य, स्थानांतरण, राजस्व, पीएम आवास के मामले थे। तत्काल समाधान करने वाले मामलों का निराकरण हुआ। 4 व्हील चेयर, 2 वॉकर दिव्यागों को दिया गया। 90 हजार रुपये का चेक रग्बी प्लेट दिव्यांग को दिया गया। छग का नक्शा बनाने वाले दिव्यांग को 5100 रुपए दिए। 5 लोगों को हियरिंग मशीन दी गई हैं। बचे हुए आवेदनों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## पुणे में भीषण हादसा

# पुल पर ट्रक ने छह गाड़ियों को मारी टक्कर, 8 जिंदा जले



एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां बेंगलुरू-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 4 के एक पुल के ऊपर चल रहा मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर 6 गाड़ियों से टकरा गया। इसकी वजह से आसपास मौजूद 8 लोग जिंदा जल गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा मालवाहक ट्रक के ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ। ब्रेक फेल होने के बाद वह एक के बाद एक गाड़ियों से टकराता गया और फिर आग लग गई।

### हाईवे पर लंबा जाम

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने रास्ता खाली कराने के लिए क्रेन की मदद ली। कुछ घंटों के बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने कहा कि हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए गए।

## दलबदल विरोधी कानून

# हाईकोर्ट ने रद्द कर दी मुकुल की विधायकी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



कलकत्ता हाईकोर्ट ने वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय की पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता दल-बदल विरोधी कानून के तहत गुरुवार को रद्द कर दी। कलकत्ता हाईकोर्ट के वकीलों ने दावा किया कि भारतीय न्यायशास्त्र के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### देश में ऐसा पहली बार

विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के वकील बिलवादल बनर्जी ने कहा, देश में यह पहली बार है कि किसी उच्च न्यायालय ने दल-बदल विरोधी कानून का इस्तेमाल किया है।

# बिहार में आज खुलेगा जादुई पिटारा, तय होगा सरताज

- 38 जिले, 243 सीटें
- 46 काउंटिंग सेंटर
- 7.45 करोड़ मतदाता
- 2,616 उम्मीदवार



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतों की गिनती का काम 14 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। विधानसभा चुनाव की 243 सीटों के लिए 6 और 11 नवंबर को वोटिंग हुई थी। ▶▶| शेष पेज 8 पर

### राजनीतिक दलों ने बनाई रणनीति

सभी राजनीतिक दलों ने गुरुवार को मतगणना की रणनीति को लेकर मंथन किया। पूरे राज्य में निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या नीतीश कुमार फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे?

### मतगणना केंद्रों पर दो-स्तरीय सुरक्षा

चुनाव आयोग के अनुसार वोटों की गिनती 14 नवंबर की सुबह 8 बजे से शुरू होगी और देर शाम तक सभी 243 सीटों के नतीजे आयोग के द्वारा घोषित कर दिए जाने की संभावना है।

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़

# वेल्डिंग दुकान के साथ चल रहा अस्पताल !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही अब नगरीय क्षेत्रों में भी झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी तरह का एक मामला लखनपुर क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक वेल्डिंग दुकान में ही क्लीनिक का संचालन किया जा रहा रहा था। वेल्डिंग दुकान में मरीजों को स्लाइन चढ़ाने के साथ ही ब्लड सैम्पल लिया जा रहा है। इस बात ▶▶| शेष पेज 8 पर



### की जाएगी कार्रवाई

क्लीनिक की शिकायत मिली है। नर्सिंग होम एक्ट के तहत इसकी जांच की जाएगी। डॉक्टरों की टीम का गठन कर दिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. अनिल शुक्ला, संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं

### पैरा मेडिकल का कोर्स कर खोला क्लिनिक

बताया जा रहा है कि क्लीनिक का संचालन गौहर अली नामक व्यक्ति द्वारा किया जाता है, जिसके पास पैरा मेडिकल की डिग्री है। उसने अवैध तरीके से क्लीनिक खोलकर लोगों का उपचार करना शुरु कर दिया गया। इतना ही नहीं वेल्डिंग दुकान में काम करने वाले उसके साथी भी क्लीनिक सम्भाल रहे थे। इस क्लीनिक में नर्सिंग होम एक्ट के नियमों की जमकर अवहेलना करने और मरीजों की जान से खिलवाड़ करने की बात सामने आई है।



## चिंतन

# शिक्षा के मंदिर पर कैसे पड़ा आतंक का साया

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं जो हमें सांसारिक शिक्षा व बौद्धिक ज्ञान के साथ संस्कार भी देते हैं। वैसे भी हमारी शिक्षा विश्व भर में सर्वश्रेष्ठ रही थी। इसलिए भारत को विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित किया गया था। विश्वभर के लोग, भारत में शिक्षा ग्रहण एवं अध्ययन करने आते थे। हमारे पूर्वज शिक्षित और ज्ञानवान थे। भारतीय ज्ञान, परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। भारतीय समाज, विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोणधारक समाज है। इसके पीछे हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। आज भी स्कूल, कोचिंग, विश्वविद्यालय समाज का सहयोग करने, नई पीढ़ी को सही और गलत का अंतर सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्योंकि यही वे लोग हैं जो हमारे देश का भविष्य बनेंगे और उनके लिए यह जानना बेहद ज़रूरी है कि वे किसी परिस्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे और उसे कैसे संभालेंगे। पहले, शिक्षा भक्ति, विचार और संस्कृति से प्रेरित होती थी, जिसमें व्यवसाय और सीखने जैसी चीज़ों पर ज़ोर दिया जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। यह सच नहीं रहा कि स्कूल और कॉलेज, विश्वविद्यालय ही वो जगहें हैं जहां छात्रों को परिपक्व, सफल और ईमानदार इंसान बनने के लिए उचित माहौल मिलता है। वे पटरी से उतर गए हैं। किसी न किसी तरह वे अपनी राह से भटक गए हैं। इन संस्थानों में अनेक तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। अब फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को ही लें। दिल्ली ब्लास्ट के बाद ये विश्वविद्यालय टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं। अब तक यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में जम्मू-कश्मीर के एलजी द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती कैसे हो गए। क्या विवि ने उनके पूर्व कार्यकाल की जांच तक करना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद 76 एकड़ में फैला यह विश्वविद्यालय जांज एजेंसियों के निशाने पर है। हर पहलू की जांच हो रही है। यह तो जांच के बाद पता लगेगा कि विवि प्रशासन कसूरवार है या नहीं, लेकिन इतना तो तय हो गया है कि इसी शिक्षा के मंदिर में आतंकवाद का सांप पल रहा था, जिसने देश की राजधानी में 18 जिंदगियों को लील लिया। सरकार को ऐसे ही अन्य संस्थानों की कड़ी निगरानी करनी होगी जहां युवा पीढ़ी राह भटक रही है।

## बाल दिवस विशेष

डा. रमेश ठाकुर



# बालमन को समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

बाल समस्याओं की भरमार है। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिन्हें समझने वाले और महसूस करने वालों का अकाल है। आज 'बाल दिवस' है जिसका सीधा संबंध पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा से है। पर, ज्यादातर ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' बने कैसे? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक था। सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में इस दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंड़ति नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवाया और तुरंत अपने अंगरक्षक जोगेंद्र सिह को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़तिजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उनकी उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। पर, नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सम्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में 'बाल दिवस' बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। बाल दिवस के मौके पर आज देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

(लेखक बाल संरक्षण कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## बिहार चुनाव

प्रमोद भार्गव

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# चुनावी पूर्वानुमानों में राजग को बहुमत

बिहार विधानसभा चुनाव में हुए ऐतिहासिक मतदान के बाद आए पूर्वानुमानों ने राजग गठबंधन को स्पष्ट बहुमत से जीत दिला दी है। सभी अनुमान बता रहे हैं कि राजग को आसानी से 122 के जरूरी बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 140 से 150 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है। जबकि वोट चोरी के आरोप को मुद्दा बनाने में लगे रहे राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस को 22 सीटों पर सिमटता दिखाया जा रहा है। प्रशांत किशोर जो बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में नई पार्टी जनसुराज का निर्माण कर दो साल से जोर-शोर से प्रचार करते हुए बिहार की बुनियादी समस्याओं को उभार रहे थे, उन्हें चुनावी सर्वेक्षणों ने मात्र 1 से 3 सीटें मिलते दिखाया है। यानी बिहार का मतदाता फिलहाल बुनियादी मुद्दों के निदान के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है।

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। यह 'सेफोलॉजी' मसलन जनमत सर्वेक्षण विज्ञान के अंतर्गत आता है। भारत के गिने-चुने विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के तहत सेफोलॉजी को पढ़ाने की शुरुआत हुई है। जाहिर है, विषय और इसके विशेषज्ञ अभी अपरिपक्व अवस्था में हैं। परिपक्व चुनाव विश्लेषक के रूप में अब तक योगेन्द्र यादव और फिर प्रशांत किशोर को माना जाता रहा है। इस नजरिए से यादव और किशोर का सम्मान और विश्वसनीयता भी जनता में बरकरार थे, लेकिन बाद में राजनीति से सीधे जुड़ने के बाद वे सर्वे के अनुमानों से बाहर हैं।

सर्वेक्षणों पर शक की सुई इसलिए भी जा ठहरती है कि पिछले कुछ सालों में निर्वाचन-पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ सी आई हुई है। इनमें तमाम कंपनियां ऐसी हैं, जो धन लेकर सर्वे करती हैं। गोया, छोटे पर्दे पर नतीजे इकतरफा नहीं आने के क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने एजेंसियों के सर्वेक्षण पर तंज कसते हुए कहा था कि इन्हें अभी और सीखने की जरूरत है, जिससे परिणाम परिपक्व दिखें। चूंकि कई बार अनुमान सटीक नहीं बैठे, बावजूद एजेंसियों ने कभी दलों और मतदाताओं से विनम्रता के साथ माफी नहीं मांगी। बेबाकी के लिए मशहूर दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक दावा किया था कि 'धन देकर पार्टियां अपने अनुकूल सर्वे करा लेती हैं।' इसे नकारने की बजाय, गंभीरता से लेने की जरूरत है। दिग्विजय सिंह की यह बात भरोसा करने वाली है कि सर्वे संस्थान धन लेकर जनमत सर्वेक्षण करने में लगे हैं। वैसे भी किसी भी प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा का आकलन महज कुछ हजार मतदाताओं की राय लेकर सटीक नहीं जानी जा सकती है। कभी-कभी ये अटकलें खरी उतर जाती हैं। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। इसीलिए पूर्व महाधिवक्ता गुलाम ई वाहनवती ने केंद्र सरकार को निर्वाचन पूर्व सर्वेक्षणों पर रोक लगाने की सलाह दी थी। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर 'पेड ओपिनियन पोल' में बदल गए हैं। इसीलिए इसके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। गोया, इन पर भरोसा कैसे किया जाए? दरअसल चुनाव आयोग ने 21 अक्टूबर 2013 को सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखकर, चुनाव सर्वेक्षणों पर राय मांगी थी।

दलों ने जो जवाब दिए, उससे मत भिन्नता पेश आई। वैसे भी बहुदलीय लोकतंत्र में एकमत की उम्मीद बेमानी है। जाहिर है, कांग्रेस ने सर्वेक्षण निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले बताए थे। बसपा ने भी असहमति जताई थी। माकपा की राय थी कि निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वेक्षणों के प्रसारण और प्रकाशन पर प्रतिबंध जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का सम्मान करने की बात कही थी। जबकि भाजपा ने इन सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाना संविधान के विरुद्ध माना था। दरअसल ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षण भाजपा के पक्ष में आते रहे हैं। भाजपा ने तथ्य दिया था कि सर्वेक्षणों में दर्ज मतदाता या व्यक्ति की राय भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार क्षेत्र का ही मसला है। तय है, दलों की दलीलें अलग-अलग रुझान, भ्रम और गुमराह की मनस्थिति पैदा करने वाली थीं, इसलिए आयोग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया। राजनैतिक दलों और सर्वेक्षण कंपनियों के जो पैरोकार इन सर्वेक्षणों को अभिवयक्ति की स्वतंत्रता के बहाने जारी रखने की बात कह रहे हैं, उन्हें सोचने की जरुरत है कि संविधान के अनुच्छेद 19-1 में दर्ज



अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का दुरुपयोग भी हुआ है। हर एक चुनाव में पेड न्यूज के जरिए दलों और उम्मीदवारों का प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया ने कितना आर्थिक दोहन किया, यह सक्रिय राजनीति

और पत्रकारिता से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है ? दरअसल संविधान की मूल भावना, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की ओट में ही मीडिया का उम्मीद से ज्यादा व्यवसायीकरण हुआ है। मीडिया में मीडिया से इतर व्यवसाय वाली कंपनियों ने बड़ी पूंजी लगाकर प्रवेश किया और देखते-देखते मीडिया के अनेक निष्पक्ष स्वायत्त घरानों, मंचों, पत्रकार समितियों व संस्थानों पर कब्जा कर लिया। नतीजतन मीडिया पर स्वामित्व मुट्ठी भर लोगों का हो गया। इसी का परिणाम है कि भूमि, खनिज, शराब और चिटफंड कंपनियों का भारतीय मीडिया पर एकाधिकार हो गया है। जाहिर है, पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# क्षमा करें और भूल जाएं




संकलित

**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा-'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर विपरीत असर डालता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- राजेश सोनी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय रेस्तरां को बचाने ब्रिटिश शेफ आगे आएं

ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह 'जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। खानसामों ने पत्र में लिखा, 'ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'



## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स – मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं – विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।



## X ट्रेंड f

### भारत-नेपाल रेल संपर्क



भारत और नेपाल के बीच विनिमय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे दोनों देशों के बीच रेल व्यापार संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठक के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### टीबी मुक्त भारत अभियान



टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, आधुनिक निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### ईवी बस सेवा



दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नवीकरणीय ऊर्जा



कल्पना कीजिए कि आपके पास 6-लेन का राजमार्ग है, जिसका एक हिस्सा केवल दो लेन का है। वहां ट्रैफिक जाम होगा, राजमार्ग पर गति का लाभ खो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में यही हो रहा है।
**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# सासाराम में हुई ईवीएम से छेड़छाड़! आयोग ने बदला रिटर्निंग अफसर

एजेंसी ▶▶| पटना/सासाराम

बिहार विधानसभा चुनाव की शुक्रवार को होने वाली मतों की गिनती से पहले सासाराम में स्ट्रॉग रूम का सीसीटीवी कैमरा बंद होने और एक ट्रक के आने पर भारी हंगामे की स्थिति खड़ी हो गई। राजद ने रोहतास जिला के मुख्यालय सासाराम में बुधवार देर रात रिटर्निंग अफसर पर ईवीएम से छेड़छाड़ सहित वोट चोरी के लिए धांधली का आरोप लगाया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने रिटर्निंग आफिसर को बदल दिया है। प्रत्याशियों का आरोप था कि स्ट्रांग रूम के अंदर एवं मेर कैमरा को बंद कर दिया गया है। जिस कारण स्ट्रांग रूम की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसके विरोध में प्रत्याशियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच एक ट्रक बाजार समिति परिसर में प्रवेश कर गया। करीब 3 घंटा बाद ट्रक को बाहर निकाला जा रहा था। लेकिन प्रत्याशियों और समर्थकों ने उसे रोक दिया। प्रत्याशियों ने सवाल उठाया कि बिना जांच किए अंदर ट्रक क्यों ले जाया गया और सीसीटीवी कैमरा को बंद क्यों किया गया है?

**राजद का आरोप :** राजद ने सवाल किया कि बिना जांच किए ट्रक को काउंटिंग सेंटर पर क्यों ले जाया गया और सीसीटीवी कैमरे क्यों बंद किए गए। इसके बाद चेनारी समेत रोहतास जिले की सातों विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश प्रत्याशी मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। देर रात करीब ढाई बजे भारी संख्या में पुलिस फोर्स वहां पहुंची और लाठीचार्ज कर भीड़ को हटाया गया। बताया जा रहा है कि जो ट्रक बाजार समिति स्थित काउंटिंग सेंटर परिसर में घुसा था, वो चेनारी विधानसभा से संबंधित था। इसके बाद रोहतास की डीएम उदिता सिंह ने इस मामले पर चेनारी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी ललित भूषण रंजन से स्पष्टीकरण मांगा।

## सीसीटीवी बंद कर बिना जांच के ट्रक पहुंचाया गया था काउंटिंग सेंटर



### पुलिस ने किया लाठीचार्ज

देखते ही देखते सातों विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश प्रत्याशी तकिया बाजार समिति के गेट पर पहुंच गए और फिर जबरदस्त विरोध का सिलसिला शुरू हो गया। रात करीब 2:30 बजे भारी संख्या में पुलिस बल को यहां बुलाना पड़ा। जहां पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को खाली करवाना पड़ा। पुलिस की लाठी से सासाराम के प्रत्याशी सत्येंद्र शाह एवं एक पत्रकार भी चोटिल हुए हैं। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने इस मामले में चिनारी विधानसभा के निर्वाचित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा है कि उक्त ट्रक चेनारी विधानसभा से संबंधित था, जिसमें खाली बक्शा पड़ा हुआ था।

## चेनारी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा था फर्जीवाड़ा

आरोप लगने के बाद चुनाव आयोग ने ऐक्शन लिया है। आयोग ने चेनारी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अफसर को तुरंत प्रभाव से बदल दिया है। चेनारी के निर्वाची पदाधिकारी ललित भूषण रंजन को हटाकर वहां जफर हसन को लगाया गया है। गुरुवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने रोहतास के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम को आदेश का पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही, डीएम से कहा गया कि ललित भूषण रंजन को बिहार विधानसभा चुनाव में मतगणना सहित सभी निर्वाचन कार्यों से अलग रखा जाए।

# 'दोषियों को ऐसी सजा देंगे दुनिया देखेगी: शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिससे दुनियाभर में सख्त संदेश जाएगा और देश में इस तरह के हमले दोबारा नहीं होंगे। गुजरात के सैनिक स्कूल के ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लाल किले के पास हुआ धमाका भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर सीधा हमला है और इस घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला था, जिसका उद्देश्य देश की शांति और अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचाना था।शाह ने कहा कि सरकार इस बात के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि इस घटना में शामिल हर व्यक्ति को सख्त सजा मिले। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से दुनिया देखेगी कि भारत किसी भी रूप में आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। संदेश बिल्कुल साफ होगा। जो भी हमारे देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



■ सैनिक स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले

### हर दोषी को ढूंढ़कर करेंगे कार्रवाई

शाह ने कहा कि इस कायरतापूर्ण कृत्य में शामिल सभी लोगों और उनके पीछे खड़े दोषियों को कानून के समक्ष लाया जाएगा और उन्हें सबसे कठोर सजा दी जाएगी। इस कार्रवाई से दुनिया को यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि भारत किसी भी रूप के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। कोई भी फिर ऐसे हमले की हिम्मत नहीं करेगा। मैंने निर्देश दिए हैं कि इस मामले में शामिल हर एक दोषी को ढूंढकर कड़ी कार्रवाई की जाए. हमारी एजेंसियां इस कृत्य के पीछे की साजिश का गहराई से पता लगाएंगी, सभी संभावित एंगल पर जांच होगी। मैंने जांच एजेंसियों, एनआईए, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और आईबी को निर्देश दिया है कि इस मामले की हर एंगल से गहन जांच की जाए।

**लाल किला ब्लास्ट**

**दहशतगर्द डॉक्टरों की टीम को लेकर हो रहे नए खुलासे**

# मैडम सर्जन कह कर बुलाते थे शाहीन को जैश ए मोहम्मद से जुड़े आतंकवादी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दहशतगर्द डॉक्टरों की टीम को लेकर लगातार खुलासे हो रहे हैं। इस बीच शाहीन को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर शाहीन दो साल तक यूएई में रही। साल 2013 में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर की नौकरी छोड़ने के बाद डॉक्टर शाहीन गायब हो गई थी। शाहीन साल 2016 से 2018 तक यूएई में थी। एजेंसियों को शक है कि शाहीन यूएई से पाकिस्तान गई थी। डॉ. शाहीन जैश ए मोहम्मद की टॉप कमांडर बताई जा रही है। जैश ए मोहम्मद शाहीन को कोड वर्ड में मैडम सर्जन का नाम दिया था। शाहीन को इस ऑपरेशन में जुड़े सभी साथी और जैश ए मोहम्मद से जुड़े आतंकी मैडम सर्जन कह कर बुलाते थे। ऑपरेशन हमदर्द को अंजाम देने में जैश ए मोहम्मद की मैडम सर्जन यानी कि शाहीन को जिम्मेदारी दी गई थी।

**ऑपरेशन हमदर्द रखा गया था नाम**

**मुस्लिम लड़कियों का ब्रेनवाश कर फंसाने का था प्लान**




### यह थी शाहीन की प्लानिंग

युवा मुस्लिम लड़कियों और मुस्लिम महिलाओं से हमदर्दी दिखा कर दहशतगर्दी की तरफ ले जाने वाले ऑपरेशन का नाम रखा गया था ऑपरेशन हमदर्द। ऑपरेशन हमदर्द को तीन कैटेगरी में बांटा गया था। पहली कैटेगरी में उन मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को रखा गया था, जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर थी, जिन्हें पैसे का लालच देकर दहशतगर्दी के रास्ते पर लाने की प्लानिंग थी। दूसरी कैटेगरी में उन मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को रखा गया था जो आम तौर पर बुर्का नहीं पहनती थी और उनकी ख्वाहिश बहुत बड़ी बड़ी थी। उनको विदेश ले जाने का सपना दिखाते हुए ऐशो आराम की जिंदगी दिलाने का वादा करते हुए प्लान में शामिल करना था। तीसरी कैटेगरी में उन मुस्लिम लड़कियों और महिलाओं को रखा जाना था जो विचारों से कट्टरपंथी थी और आराम से जिहाद के रास्ते पर आ जातीं।

### साल 2002 में शाहीन ने पूरी की थी एमबीबीएस की डिग्री

वहीं दिल्ली के लाल किले के पास हुए बम ब्लास्ट की जांच की आंच मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज तक पहुंच गई है। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। शाहीन ने 2002 में यहां से एमबीबीएस किया था।

### बैचमेट से हो रही है पूछताछ

*सुरक्षा एजेंसियां डॉ शाहीन सईद के डॉक्यूमेंट की जांच पड़ताल कर रही हैं। मेडिकल कॉलेज से जुड़े दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं। डॉ शाहीन सईद के बारे में उसके बैच मेट से भी सुरक्षा एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। हालांकि 2006 में एमडी करने के बाद से उसका मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से कोई नाता नहीं रहा. लेकिन शाहीन सईद की एमबीबीएस में प्रवेश के समय फार्म पर लगाई गई फोटो सामने आई है। इसके अलावा एक अन्य फोटो में वह अपने दोस्तों के साथ नजर आ रही है। हालांकि अभी जांच एजेंसियों को डॉक्टर शाहीन सईद के बारे में कोई पुख्ता जानकारी यहां से नहीं मिली है।*

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत की एक कंपनी पर ईरान से जुड़े होने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका का आरोप है भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई। अमेरिका ने यह नया प्रतिबंध आठ देशों से जुड़े 32 लोगों और संस्थाओं पर लगाया है, जिनमें भारत भी शामिल है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, यूएई में रह रहे मार्को क्लिंगे भारतीय कंपनी फार्मलेन के निदेशक हैं।




**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**शुद्धिपत्र**

कृपया **सेंट्रल क्रॉनिकल और हरिभूमि (अंग्रेजी + हिंदी)** में **06-11-2025** को प्रकाशित डिमांड नोटिस विज्ञापन देखें, जिसमें राम कुमार कौशिक, सुनयना बाई कौशिक, विनय कौशिक के खिलाफ संपत्ति का पता **प्लॉट नंबर 6, खंभा नंबर 83/1 भाग, खसरा नंबर 83/25, मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकास खंड बिल्हा, तह. व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - सत्यारानी सिंह का मकान, पश्चिम - 25 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - हीरा बाई यादव का मकान, दक्षिण - प्रवीण यादव का मकान** है। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 06-11-2025 का डिमांड नोटिस रद्द कर दिया गया है।

स्थान:- बिलासपुर
Date:-14-11-2025

हस्ताक्षरकर्ता: प्राधिकृत अधिकारी
**होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**

## सरकार ने मांगे बीज मसौदा विधेयक पर 11 तक सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषि एवं नियामक मौजूदा आवश्यकताओं के अनुरूप बीज विधेयक, 2025 का मसौदा तैयार किया है। प्रस्तावित विधेयक मौजूदा बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 का स्थान लेगा। विधायी प्रक्रिया से पूर्व परामर्श दौर में बीज विधेयक, 2025 का मसौदा और निर्दिष्ट प्रतिक्रिया का प्रारूप मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट https://agri-welfare.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है। बीज विधेयक, 2025 के मसौदे में बाजार में उपलब्ध बीजों और रोपण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, किसानों को किफायती दरों पर अच्छे बीज उपलब्ध कराने आदि का प्रस्ताव है।




## फरीदाबाद तक 2,900 किलो विस्फोटक कैसे पहुंच गया?

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुरंत ऑल पार्टी मीटिंग बुलाएं। पार्टी ने ये भी पूछा कि क्या सरकार की 'न्यू नॉर्मल डॉक्ट्रिन' जो पहलगाम हमले के बाद बनाई गई थी और जिसमें कहा गया था कि भविष्य में कोई भी आतंकी हमला 'युद्ध की कार्रवाई' माना जाएगा, अब भी लागू है या नहीं। कांग्रेस ने ये भी कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र जो एक दिसंबर से शुरू होना है। इसे पहले किया जाए ताकि इस हमले पर संसद में चर्चा हो सके. कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि इस हमले के बाद जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और सरकार में किसी को इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि मुंबई आतंकी हमले के बाद तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने इस्तीफा दिया था। खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 48 घंटे बाद जाकर कैबिनेट ने बताया कि ये आतंकी हमला था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब खुफिया एजेंसियां मौजूद थीं और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल खुद नजर रख रहे थे तो 2900 किलो विस्फोटक फरीदाबाद तक कैसे पहुंच गया? खेड़ा ने आगे कहा कि लाल किले के पास इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक वाली कार थी।.. इस पर जिम्मेदारी कौन ले रहा है और क्या किसी की जवाबदेही तय की गई है? उन्होंने कहा कि जब भी कोई आतंकी हमला हुआ।





टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट



बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज हैं?

## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगा: सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगा: सैयांश गुप्ता



**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'

सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * **प्रस्तुति: बालभूमि**



## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिले: हरीति जोशी




**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक


कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धि:** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।





**कहां से मिली प्रेरणा:** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वी:** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।



एआई इमेज



कहानी

गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

## नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंने कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।


हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी।





'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *

**पुस्तक:** हारिए न हिम्मत, **लेखक:** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?




बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



प्रियांशु, रायपुर



ईशान, ई-मेल से



सूर्यांश, बिलासपुर



पराग, ई-मेल से

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन ने भिलाई हॉस्पिटल को पुनर्विकसित करने का मुद्दा उठाया

**रायपुर।** दिल्ली में इस्पात मंत्रालय की प्राक्कलन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के भिलाई टाउनशिप, भिलाई हॉस्पिटल को पुनर्विकास सहित स्टील प्लांटों के अपशिष्ट प्रबंधन का मुद्दा उठाया है। श्री अग्रवाल ने कहा, भिलाई टाउनशिप कभी पूरे देश में सबसे अच्छी टाउनशिप मानी जाती थी, इसके अलावा भिलाई का अस्पताल पूरे क्षेत्र का गौरव था, लेकिन आज इसकी स्थिति अत्यंत खराब है और सेल इंडिया को इसे फिर से पुनर्विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेल इंडिया की जितनी भी खदानें हैं, वहां स्थित टाउनशिप और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को फिर से पुनर्विकसित करना चाहिए। सेल इंडिया की सभी खदानों में डंप मटेरियल को वैज्ञानिक तरीके से विकसित कर मार्केट में उपलब्ध करवाना चाहिए, इससे ना केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा, बल्कि राजस्व की वृद्धि भी होगी।

### जनजाति गौरव दिवस पर प्रदेशभर में आयोजन

रायपुर। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, आगामी 15 नवंबर तक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आदिवासी समाज के महानायकों, उनकी संघर्ष गाथा व स्वाधीनता संग्राम में उनके सर्वस्व बलिदान के गौरवशाली अतीत का स्मरण कराता संग्रहालय लोकार्पित हुआ। संवाददाताओं से चर्चा में कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा, जनजाति गौरव दिवस पर छत्तीसगढ़ में अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। जनजाति समाज के महापुरुषों, जिन्होंने स्वाधीनता संग्राम में अहम भूमिका निभाई, जिनके स्मारक, पैतृक ग्राम, जन्मस्थान के लिए योजना बनाकर हम जा रहे हैं, वहां लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने कहा, जनजाति वर्ग के लिए भारत सरकार ने जितने काम किए हैं, जो योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, उसे लेकर जगह-जगह प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। आगामी 15 नवंबर को प्रदेश के हर जिले में विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

### सरकार के वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

# पुरानी पेंशन योजना के सदस्यों के खाते में जमा राशि का अंतिम आहरण करने सरकार ने बनाई ऑनलाइन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने के लिए राज्य सरकार के वित्त विभाग ने ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की है। अप्रैल 2022 से सीजीपीएफ अंशदान कटौती की जा रही है। शासकीय सेवक की सेवा समाप्ति, सेवा से त्याग पत्र, सेवानिवृत्ति, मृत्यु के बाद उसके सीजीपीएफ खाते में जमा धन राशि का अंतिम आहरण किया जा सकेगा।

**कार्यालय प्रमुख स्तर पर ये होगा**

कार्यालय प्रमुख स्तर पर शासकीय सेवक का सीजीपीएफ खाता विवरण ऑनलाईन पोर्टल सीपीएस डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन पर संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा प्रदत्त यूजर आई. डी एवं पासवर्ड की सहायता से डीडीओ, इम्प्लाई आईडी लॉगइन में देखा जा सकता है। सेवक की सेवा समाप्ति,सेवा से त्याग पत्र, शासकीय सेवक को अथवा उसकी मृत्यु के प्रकरण में नॉमिनी को सीजीपीएफ अंतिम भुगतान ऑनलाईन सीजीपीएफ फाइनल पेमेंट सिस्टम पोर्टल में कार्यालय प्रमुख के द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन सीजीपीएफ फाइनल पेमेंट सिस्टम पोर्टल में प्रकरण तैयार करने के लिए ये तरीका अपनाया जाएगा।

### संचालनालय अपनाएगा ये प्रक्रिया

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि स्तर पर स्वीकृतकर्ता अधिकारी के रूप में छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरण को ऑडिट ऑफिसर के रूप में परीक्षण कर ई-सीजीपीए प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा ही प्रदत्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड से ऑनलाईन सीजीपीएफ फाईनल पेमेंट सिस्टम पोर्टल में लॉगइन। कार्यालय प्रमुख द्वारा ऑनलाइन प्रविष्ट की गयी जानकारियों तथा अभिप्रमाणित अनुसूची (यथा अनुसूची-पांच अथवा अनुसूची-सात) संलग्न प्रपत्रों, अभिलेखों एवं छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि है-पासबुक का परीक्षण। ऑनलाइन प्रविष्टि एवं ई-पासबुक प्रविष्टि में भिन्नता होने पर संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा संधारित ऑनलाइन अभिलेखों के आधार पर जमा राशि एवं उस पर देय ब्याज राशि की गणना की जाएगी।

### ये होगी प्रक्रिया

सेवक की सेवा समाप्ति,सेवा से त्याग पत्र, सेवानिवृत्ति के प्रकरणों में अनुसूची पांच तथा मृत्यु के प्रकरण में अनुसूची-सात का प्रयोग किया जायेगा। अभिदाता का व्यक्तिगत विवरण, विभागीय विवरण, गणना विवरण एवं दस्तावेज विवरण की प्रविष्टि की जाएगी। वाछित दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किया जाएगा एवं सभी दस्तावेज होने की पुष्टि चेक लिस्ट अनुसार की जाएगी। अनुसूची 5-7, डिजिटल हस्ताक्षरीत छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि पासबुक तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों को ऑनलाईन पोर्टल में अपलोड कर संचालनालय पेशन एवं भविष्य निधि को प्रेषित किया जाएगा। ई-सीजीपीएफ. प्राधिकार पत्र जारी होने के पश्चात छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान किये जाने हेतु आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा ई-बिल के माध्यम से देयक तैयार कर कोषालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# ब्लिंकिट राइडर हड़ताल पर, दस मिनट में डिलीवरी का दबाव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी में लोगों के घरों तक जल्द सामान पहुंचाने वाले 700 ब्लिंकट राइडर हड़ताल पर चले गए हैं। उनका कहना है कि उन पर 10 मिनट में सामान पहुंचाने कंपनी का दबाव है और पेमेंट भी कम कर दिया जा रहा है। वे दुर्घटना, लूट और कुत्तों के काटने शिकार हो रहे हैं, फिर भी उन्हें मदद नहीं मिल रही है। डिलीवरी ब्वायज का कहना है कि लोगों को 10 मिनट में सामान मिले इसके लिए वे तेजी से गाड़ी दौड़ाते हुए लोगों के घर पहुंचते हैं। इस दौरान एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही लूट और कुत्ते काटने जैसी भी घटना हो चुकी है। उनकी नाराजगी इसलिए भी है, क्योंकि कंपनी से उन्हें कोई मदद नहीं मिलती। उन्होंने इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से भी की है।

### 10 मिनट का टारगेट, कोई सुरक्षा नहीं

राइडर्स का कहना है कि कंपनी उनसे 10 मिनट में डिलीवरी' पूरी करने का दबाव बनाती है। कई बार बारिश, ट्रैफिक या रात के अंधेरे में यह मुश्किल हो जाता है, लेकिन फिर भी समय सीमा तय है। प्रभावित राइडर्स का कहना है कि उन्हें पहले 9 किलोमीटर की डिलीवरी पर 90-95 रुपए मिलते थे, अब केवल 50-60 रुपए। न तो मेडिकल कवर, न इंश्योरेंस और नहीं किसी तरह की सुरक्षा। राइडर्स का कहना है - हम सिर्फ पैसे की मांग नहीं कर रहे, हम इंसान हैं, हमें सुरक्षा और सम्मान चाहिए।

### 16 घंटे तक काम, नहीं मिलता ओवरटाइम

प्रभावितों का कहना है कि उन्हें रोजाना 9 घंटे से ज्यादा, कभी-कभी 16 से 17 घंटे तक काम करना पड़ता है, लेकिन इसके बदले कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाता। ब्लिंकट राइडर्स का कहना है कि कई बार ऐप पर डिलीवरी की दूरी और वास्तविक दूरी में भी फर्क होता है, जिससे उनका भुगतान और घट जाता है।

# समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर लगेगी पेनाल्टी

### पीडब्ल्यूडी सचिव ने सीई और एसी को फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने गुरुवार को रायपुर और दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं तथा सभी कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर सड़क और भवन निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता फील्ड पर जाकर निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

- शंकर नगर-खम्हारडीह-कचना मार्ग की फोरलेन एवं चौड़ीकरण दिसम्बर तक पूरा करें

विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में अधिकारियों से कहा, विभागीय बजट के सदुपयोग के साथ लोगों की सुविधा के लिए फील्ड पर तेजी से काम हों। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता अच्छी और टिकाऊ हो, इसका खास ध्यान रखें। उन्होंने प्रगतिरत सभी कार्यों की गति तेज करते हुए निर्माण



कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभागीय काम-काज में कसावट और तेजी लाने सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करें। उन्होंने कहा, विभागीय कार्यवाहियों में तेजी लाने ई-आफिस से ही फाइलें तैयार कर प्रमुख अभियंता कार्यालय भेजें। उन्होंने कार्यों की तकनीकी स्वीकृति के बाद बिना किसी देरी के निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

विभागीय सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने सड़क मरम्मत के सभी कार्यों को आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पेच रिपेयरिंग के बाद सड़कें स्मूथ और समतल रहें, इसका भी ध्यान रखें। परफॉर्मेंस गारंटी की सड़कों का थर्ड पार्टी परीक्षण कराने और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार संबंधित ठेकेदारों से मरम्मत के काम कराने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने रायपुर में गुढ़ियारी के शुकवारी बाजार से रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर-5 तक बनने वाले पहुंच मार्ग के लिए आगामी मार्च माह तक भू-अर्जन की कार्यवाही पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में बनने वाले भवनों के लिए जल्द निविदा करने को कहा। बैठक में रायपुर परिक्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में शंकर नगर-खम्हारडीह-कचना मार्ग के फोरलेन एवं चौड़ीकरण कार्य को दिसम्बर माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सिविल लाइन में पुराने सर्किट हाउस की जगह बनने वाले चार मंजिला सर्किट हाउस एनेक्स की ड्राइंग-डिजाइन एनआईटी से अनुमोदित होकर आ गई है। अनुमोदन के बाद जरूरी प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर कार्यारंभ किया जाएगा।

### इन कार्यों के लिए समय सीमा तय

बैठक में दुर्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि बेमेतरा में निर्माणाधीन 500 सीटर ऑडिटोरियम का काम फरवरी-2026 तक और दुर्ग में 750 सीटर ऑडिटोरियम का काम मई-2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खैरागढ़ में कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग का काम अगले वर्ष अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

# गोवंश तस्करी के फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

गोवंश तस्करी के दो फरार आरोपियों को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है। वाहन जांच के दौरान गोवंश तस्करी के आरोपी ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गए थे। पतासाजी कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तस्कर ट्रक में भरे मवेशियों को कसाई खाना बेचने महाराष्ट्र, नागपुर ले जा रहे थे।

गोवंश तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र, नागपुर निवासी उमेश दावड़ा, मध्यप्रदेश, सतना निवासी विकास तिवारी को गिरफ्तार किया है। विकास तिवारी का पिता विवेक तिवारी फरार है। उमेश के खिलाफ बेमेतरा, राजनांदगांव, महाराष्ट्र भंडारा में गो तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। विवेक के खिलाफ जांजगीर-चांपा, पामगढ़ में कृषक पशु अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार उमेश तथा उसके साथी 13 दिन पूर्व एक नवंबर को बिलासपुर से रायपुर के रास्ते ट्रक में 24 नंदी लोड कर नागपुर ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर रावांभाठा, धनेली मार्ग के पास नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी देख तस्कर ट्रक सहित मवेशियों को छोड़ मौके से फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्कर लंबे अरसे से मवेशी तस्करी के अपराध में लिप्त हैं।

# छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी संघ ने धान-खरीदी से किया इनकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ रायपुर ने भी 15 तारीख से शुरू होने जा रही धान खरीदी केंद्रों में ड्यूटी करने से इनकार कर दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष आरके दास ने इस संबंध में गुरुवार को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इस ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया है कि धान खरीदी केंद्रों में कृषि स्नातक शासकीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी के साथ प्रभारी बनाया गया है, जबकि धान खरीदी कार्य से संबंधित व्यवस्था को संभालने में वे दक्ष नहीं हैं। ऐसे में अगर कोई गलती हो जाती है, तो इसके लिए उन्हें ही जिम्मेदार माना जाएगा। गलती पर सख्त कार्रवाई का भी प्रावधान है, इसलिए उन्होंने मांग की है कि उनके विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी की ड्यूटी से पृथक कर दक्ष अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी जाए।


## कार्यालय नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Email ID - cmochoora@rediffmail.com, Phone No.-07701299439

क्रमांक/210/न.पं/लो.नि.वि.//2025-26 — // द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना // — छुरा, दिनांकः 12.11.2025

नगर पंचायत छुरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. फिजिकल सबमिशन लिफाफा प्राप्त होने की अंतिम तिथि- दिनांक 28.11.2025 समय-सायं 03:00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि- दिनांक 28.11.2025 समय-सायं 04:30 बजे।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 179300 | कार्यालय नगर पंचायत छुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्लेसमेंट एंजेसी (ठेका पद्धति) के माध्यम से उच्च कुशल, कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक कार्य पर रखने हेतु। | 31.61 | 24000.00 | "A" | 1500.00 | 12 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

टीपः- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राषि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. / निर्माण/2025 — दिनांक 07.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बालको जोन अन्तर्गत 14 शासकीय स्कूलों में बालक-बालिका शौचालय का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या मद) (जिला खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 70.00 | 01.12.2025 (T.No. 178935) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc. cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग.


# प्लेटफॉर्म 1 पर हजारों यात्रियों का दबाव कम करेगा प्लेटफॉर्म-7

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। प्लेटफार्म क्रमांक 7 पर नए एस्केलेटर की सुविधा मिलने के बाद अब यहां से ट्रेनों का परिचालन भी बढ़ाया जाएगा। इससे प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर भीड़ कम होगी और यात्रियों को अपने कोच तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार, आने वाले दिनों में इस प्लेटफार्म से करीब आधा दर्जन गाड़ियां नियमित रूप से रवाना की जाएंगी। इससे प्लेटफार्म क्रमांक 5 और 6 पर भीड़ का दबाव घटेगा और यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

- पिछले कुछ वर्षों में यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण स्टेशन अत्यधिक व्यस्त हो गया

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि तैयारी जारी है और जल्द ही कुछ ट्रेनों का संचालन प्लेटफार्म क्रमांक 7 से शुरू होगा। इनमें सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-पटना, हावड़ा मेल, दुर्ग-अंबिकापुर, दुर्ग-दानापुर जैसी ट्रेनें शामिल हैं। धीरे-धीरे इस प्लेटफार्म से लंबी दूरी की ट्रेनों को भी जोड़ा जा सकता है। इस नई व्यवस्था से यात्रियों के समय की बचत होगी। वर्तमान में रायपुर रेलवे स्टेशन से अप-डाउन मिलाकर रोजाना लगभग 140 गाड़ियां संचालित होती हैं, जबकि त्योहारी सीजन में प्रतिदिन करीब एक लाख यात्री सफर करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण स्टेशन अत्यधिक व्यस्त हो गया है।

### प्लेटफार्म पर यात्रियों को मिलेगी बैठने की जगह

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पिक आवर्स के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ देखी जाती है। कई बार ब्रिज पर चलने की जगह तक नहीं बचती, जिससे प्लेटफार्म क्रमांक 5 और 6 पर अत्यधिक दबाव बढ़ जाता है। इस वजह से यात्रियों को बैठने की जगह भी नहीं मिल पाती। अब प्लेटफार्म क्रमांक 7 से ट्रेनों के रवाना होने से स्टेशन पर भीड़ का दबाव घटेगा और यात्रियों को राहत मिलेगी।हालांकि, नई व्यवस्था के तहत ट्रेनों के टाइम टेबल में मामूली बदलाव संभव है, क्योंकि प्लेटफार्म क्रमांक 7 से ट्रेनों को गुजरते समय हल्का कर्व आता है, जिससे दो से तीन मिनट अतिरिक्त समय लग सकता है। इसके बावजूद इस प्लेटफार्म से ट्रेनें चलने पर यात्रियों को सीधे प्रवेश द्वार से ट्रेन तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी।यात्रियों का कहना है कि पहले प्लेटफार्म तक पहुंचने में काफी समय लग जाता था, लेकिन नई व्यवस्था से अब उन्हें काफी सुविधा होगी।


homefirst
We'll take you home

## Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | बाजार मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुवि की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रूपेश कुमार साहू, मुकेश साहू, रमेश साहू | प्लॉट - ख.नं.1828/3, प.ह.नं. 29, मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तह. व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - अनिशा कुमारी की भूमि, पूर्व - कार्तिक साहू की भूमि, पश्चिम - सड़क। | 03-08-2025 | 12,87,269 | 07-10-2025 | 5,46,480 | 54,648 | 29-11-2025 (11am -2pm) | 27-11-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 2. | राम कुमार कौशिक, सुनयना बाई कौशिक, विनय कौशिक | प्लॉट नं. 6, ख.नं.83/1 भाग, ख नं. 83/1, मौजा मंगला, प.ह.नं. 21/36, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकासखंड बिल्हा, तह. एवं जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दीः पूर्व में सत्यरानी सिंह का मकान, पश्चिम - 25 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - हीरा बाई यादव का मकान, दक्षिण - प्रवीण यादव का मकान। | 03-12-2024 | 11,25,441 | 08-02-2025 | 10,55,000 | 1,05,500 | 29-11-2025 (11am -2pm) | 27-11-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 3. | संतोषी कौशिक, चंद्रहास कौशिक | मकान - ख.नं. 24/3, चंद्रहास-पी+सी, ख नं. 24/3, मौजा- कोनी, प.ह.नं. 23 विकासखंड बिल्हा, रा.नि.मं. कोनी तहसील एवं जिला बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि। | 03-10-2024 | 10,66,784 | 10-12-2024 | 8,05,000 | 80,500 | 29-11-2025 (11am -2pm) | 27-11-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 4. | विश्व नाथ, राधा काछी | प्लॉट नंबर-147, प.ह.नं. 42, मौजा मेंड्रा, ख.नं. 149/1 (भाग), तहसील सकरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड-495001 | 03-10-2023 | 16,66,078 | 17-07-2025 | 6,60,000 | 66,000 | 29-11-2025 (11am -2pm) | 27-11-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्याः ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-। बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांकः 14-11-2025 स्थानः बिलासपुर

द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## पुलिस की टीम फरार आरोपियों की पतासाजी करने की बात कह रही

# लॉकअप, पेशी और जेल से अप्रैल से अक्टूबर के बीच पांच बंदी फरार, आरोपियों को पुलिस अब तक तलाश नहीं पाई

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

बदमाशों का पुलिस के प्रति खौफ समाप्त होता जा रहा है, इसलिए बदमाश थानों के लॉकअप के साथ पेशी तथा सजायाफ्ता बंदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो रहे हैं। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अप्रैल से अक्टूबर के बीच पांच बदमाश पुलिस को चकाम देकर फरार हुए हैं, जिनकी पुलिस अब तक पतासाजी नहीं कर पाई है। छह महीने के भीतर जो पांच बदमाश भागे हैं, उनके खिलाफ अत्महत्या के लिए प्रेरित करने के साथ चोरी, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के आरोपी हैं। जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार होने वाले उत्तरप्रदेश के सजायाफ्ता बंदी की पुलिस अब तक पतासाजी नहीं कर पाई है। बंदी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की भी घोषणा की गई है।

गंज, आमानाका, उरला, माना और कबीर नगर थाना क्षेत्र के बदमाश शामिल हैं। दो वर्ष पूर्व हत्या के आरोपी अनुपम झा के कोर्ट से भागने और बाद में लूट व हत्या की वारदात को दोहराने की घटना ने पुलिस की सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। बावजूद इसके पुलिस बंदियों को कोर्ट में पेशी में ले जाने के दौरान लापरवाही बरत रही है। ऐसे में पुलिस की सतर्कता पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

**केस-01**

**थाने से हथकड़ी निकालकर फरार**

मामूली रोड एक्सीडेंट में जान से मारने की धमकी देने तथा पैसों की मांग से डरे युवक राहुल विश्वकर्मा ने आत्महत्या कर ली थी। उरला पुलिस ने इस मामले में फैज अली को गिरफ्तार किया था। फैज पुलिस को चकमा देकर पुलिस लॉकअप से फरार हो गया। घटना एक माह पूर्व अक्टूबर की है।

**केस-02**

**सिपाही का हाथ छुड़ाकर भागा**

माना थाने की पुलिस ने चोरी के आरोप में महेश जांगड़े उर्फ ब्लेड को 27 सितंबर को गिरफ्तार कर थाने लाई। इस दौरान महेश सिपाही से हाथ छुड़ाकर भाग गया, पुलिस ने महेश को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा। महेश अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर धरमपुरा के एक सूने मकान में 10 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी की जेवर चोरी किए थे।

**केस-03**

**पेट खराब होने का बहाना कर भागा**

हेरोइन चिट्टा तस्करी करने के आरोप में 14 अप्रैल को गिरफ्तार पंजाब, अमृतसर निवासी धर्मेंद्र तथा अमृतपाल को आमानाका पुलिस ने 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। दो दिन बाद 16 अप्रैल को अमृतपाल पुलिस को पेट खराब होने का झांसा देकर वाशरूम गया। वाशरूम जाने के बहाने अमृतपाल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

**केस-04**

**काम करने निकला बंदी प्रहरी को चकमा देकर भागा**

एनडीपीएस एक्ट गांजा तस्करी करने के आरोप में रायपुर सेंट्रल जेल में 15 साल की सजा काट रहा उत्तरप्रदेश, मथुरा निवासी चंद्रवीर उर्फ चिंटू पुराने जेल मुख्यालय की सफाई करने के साथ मरम्मत करने 21 अगस्त को अन्य बंदियों के साथ गया था। इस दौरान चिंटू ने मौके पर उपस्थित जेल प्रहरी तथा अन्य बंदियों की आंखों में धूल झोंकी और पीछे के रास्ते से फरार हो गया।

**केस- 05**

**पेशी के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर भागा**

गांजा तस्करी का आरोपी पारस साहू फाइनल पेशी जिस दिन कोर्ट फैसला सुनाने वाली थी, कोर्ट में भीड़ का फायदा उठाकर सुरक्षा प्रहरियों को चकमा देकर कोर्ट परिसर में लिफ्ट के पास से फरार हो गया। कबीर नगर थाने की पुलिस ने पारस को गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# 72 घंटे बाद आएगी हवा में नमी, मिलेगी ठंड से थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सुबह और देर रात ठंड से कांप रहे लोगों को 72 घंटे बाद थोड़ी राहत मिल सकती है। प्रदेश में नमी आने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी। इसके पहले 17 नवंबर तक लोगों को ठंड का सामना करना होगा। मौसम विभाग के अनुसार, ठंडी और शुष्क हवा उत्तर से नियमित रूप से आ रही हैं। इसके कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नमी आने के बाद इसका प्रभाव कम होगा। हालांकि नमी आने के बाद बारिश की स्थिति नहीं बनेगी। अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क ही रहेगा।17 नवंबर से बढ़ने वाले तापमान के पहले सरगुजा संभाग और उससे सटे जिलों दुर्ग और राजनांदगांव में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है, जबकि अन्य जिलों में भी लोग कंपकंपाने वाली ठंड से जूझ रहे हैं।

## तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम

रायपुर का न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.1 डिग्री कम है। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री कम 29 डिग्री रहा। माना में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री है। प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री पहुंच गया है। यहां का अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री रहा। बिलासपुर का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा। इसी तरह राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा।

## समिति की बैठक की मांग सीएस से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव विकासशील से भेंट कर परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग रखी थी। मुख्य सचिव ने सभी स्तरों पर परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने शासन स्तर से दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया था।

**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर**

वि.क्र.35

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग बिलासपुर में अटल विहार योजना अंतर्गत बोदरी बिलासपुर में 39.69 एकड़ आवासीय परिसर के बाऊण्ड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु (प्रथम) ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग बिलासपुर के मो.नं. 8103002219 पर संपर्क करें।

संवाद- 45907 उपायुक्त

# अवैध निर्माण को नियमित कराने 5 हजार प्रकरण एक साल से डंप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराने के लिए कांग्रेस शासन काल में रायपुर जिले में नियमितीकरण प्राधिकार समिति गठित की गई थी। इस समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर को बनाया गया था, जो नियमितीकरण संबंधी प्रकरणों पर निर्णय लेकर आदेश जारी करते थे। वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2024 तक अनेकों प्रकरणों का निराकरण कर नियमितीकरण संबंधी आदेश भी जारी किए गए हैं, लेकिन वर्ष 2025 में नियमितीकरण प्राधिकार समिति की बैठक होनी ही बंद हो गई, जिसके कारण लगभग पांच हजार प्रकरण अभी भी डंप हैं। इन प्रकरणों में आवेदन करने वाले लोगों में बहुतों के अनाधिकृत मकान और दुकान अब तक नियमित नहीं हो पाए हैं।

तत्कालीन कांग्रेस शासन में वर्ष 2023 में अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराने के लिए नियमितीकरण प्राधिकार समिति का गठन किया गया था। इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य नियमितीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना था, ताकि लोग अनाधिकृत निर्माण को नियमित करा सकें। इस नियम के तहत रायपुर जिले में थोक में आवेदन भी आने लगे। ये आवेदन नगर निगम रायपुर के अलावा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों से भी आए थे। सर्वाधिक आवेदन नगर निगम क्षेत्र के थे। इन आवेदनों से संबंधित प्रकरणों को नियमितीकरण प्राधिकार समिति की बैठक में रखा जाता था, जिसमें विचार-विमर्श करने के बाद कलेक्टर नियमित किए जाने वाले प्रकरणों पर मुहर लगाते थे। इसके बाद संबंधित प्रकरणों में आवेदन करने वाले लोग एक निर्धारित राशि का भुगतान कर अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराते थे।

## वर्ष 2024 में 500 से कम नियमित किए गए

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद नियमितीकरण प्राधिकार समिति की बैठकें बहुत कम हुई हैं। नियमतः हर महीने की 15 तारीख को यह बैठक होनी थी, लेकिन वर्ष 2024 में एक-दो बैठक ही हो पाई। इसमें भी 500 से कम प्रकरणों में अनाधिकृत निर्माण को नियमित किए गए। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2024 में जिलेभर से साढ़े पांच हजार से अधिक प्रकरण समिति में विचाराधीन थे, जिनमें से लगभग पांच हजार प्रकरणों में निर्णय ही नहीं लिया गया।

## अब राजीनामा से निराकरण

वर्ष 2025 से नियमितीकरण प्राधिकार समिति की बैठक होनी बंद हो गई है। इसके कारण अब अनाधिकृत प्रकरणों का निराकरण क्षेत्र के अनुसार नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में राजीनामा पर किए जा रहे हैं। राजीनामा में कई तरह की परेशानी आ रही है। कहीं राजस्व अफसर अधिक डिमांड कर रहे हैं। तो कहीं अनाधिकृत निर्माण करने वाला व्यक्ति पेनाल्टी सहित निर्धारित राशि देना नहीं चाहता है। इस तरह राजीनामा नहीं होने से कई प्रकरणों में अनाधिकृत निर्माण नियमित नहीं हो पाए हैं।

# पीजी सीटों में स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बुधवार को राज्य शासकीय एवं निजी मेडिकल कालेज की एमडी-एमएस सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिया है। योग्य अभ्यर्थी 13 से 18 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सभी श्रेणियों के 2 एवं एनआरआई कोटे के लिए 10 हजार निर्धारित किया है। इसके साथ ही पीजी प्रवेश के लिए नियम का निर्धारण भी किया है। इसमें राज्य के मेडिकल कालेजों की सीटों में स्थानीय अभ्यर्थी यानी आयुष विवि से संबंधित चिकित्सा महाविद्यालयों से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वालों प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अगर सीटें शेष बचती है तो अन्य महाविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वालों को प्रवेश दिया जाएगा। चिकित्सा संगठन सीजीडीएफ की काफी पुरानी मांग थी, उनका तर्क था कि पीजी काउंसिलिंग में एम्स के यूजी छात्रों को शामिल किए जाने से स्थानीय छात्रों को नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं बांड राशि में राहत देने चिकित्सक संगठनों की मांग पर विचार नहीं किया गया है। पीजी के लिए सामान्य वर्ग के लिए 50 एवं आरक्षित वर्ग के लिए 40 लाख अनुबंध राशि को यथावत रखा गया है।

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) -492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER [2nd Call]** (Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 28/CSIDC/E.E./Division-III/2025-26/ Raipur, Dated 13/11/2025

Online tenders are invited in Form-B Item rate basis, from Contractors Registered in Class-D & Above in new registration system "Unified Registration System-(e-Registration)" for the following work:-

| S. No. | Name of Work | Class of Contractor Eligible to Tender | Time allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | Earnest Money (EMD) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and maintenance work of Convention Centre and Stage at Dr Shyama Prasad Mukherjee Udyog Avam Vyapar Parisar, New Raipur, Atal Nagar (C.G.) | Registered in D class in new registration system "Unified Registration System-(e-Registration)" | 01 Month | 22.20 | 16,650/- | 885/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 13/11/2025 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: **(1)** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
**(2)** Tenderer may contact to E.E., Div-III, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

S.- 45905 **Executive Engineer (Division-III)**

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 03.12.2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है –

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत जी.एस.टी. छोड़ कर (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 179276 | 31/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 12.11.2025 | खर्राघाट एनीकट / बैराज एवं तटबंध निर्माण कार्य | 3454.93 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.11.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है। 3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

जी. 252604728/4

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 179258/निविदा सूचना क्र. 10/वलेलि/2025-26, राजनांदगांव दिनांक 12.11.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **03.12.2025 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव की चुहरीनाला बांध मरम्मत एवं मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 2790 मी. तक, माईनर नहर आर.डी. 0 मी. से 1020 तक लाईनिंग कार्य साथ ही 10 नग व्ही.आर.बी., 05 नग 0.60 मी. फाल, 01 नग माईनर हेड, 06 नग इनलेट एवं 30 नग आऊटलेट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- **रू. 284.99 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **19.11.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

जी-252604721/4

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 179260/निविदा सूचना क्र. 11/वलेलि/2025-26, छुईखदान दिनांक 12.11.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 01.12.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम-** खैरागढ़-घुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड-छुईखदान के सिद्धबाबा जलाशय योजना की फीडर मुख्य नहर अंतर्गत कोटरा माईनर आर.डी.0 मी. से 1920 मी., उदयपुर माईनर आर.डी.0 मी. से 1770 मी. पुरेना माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1230 मी., कोटरीछापर माईनर आर.डी. 0 मी. 1290 मी., खैरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 1320 मी., मैनहर माईनर आर.डी.0 मी. से 1500 मी. सीताडबरी माईनर आर.डी.0 मी. से 960 मी., घीरघोली माईनर आर.डी. 0 मी. से 1230 मी. गभरा माईनर आर.डी. 0 भी. से 2340 मी. तक निर्माण साथ ही 20 नग व्ही. आरबी, 15 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 01 नग हेड स्लूस, गभरा माईनर आर.डी.0 मी. से 760 मी. तक आर.सी.सी.ओपनट्रफ एवं कुलाबा फिक्सिंग का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- **रू. 483.83 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.11.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

जी-252604727/2

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर**
**जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 178762 निविदा सूचना क्र. 23/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट/2025-26, दि. 10-11-2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 01-12-2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम:- जांजगीर-चाम्पा जिले के विकास खण्ड पामगढ़ अंतर्गत कंजीनाला में भवतरा एनीकट कम कॉजवे का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत रू. 293.83 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17-11-2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है। नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

जी. 252604745/4

## राशिफल

**मेष:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन:** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।


**धनु:** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर:** वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6047



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 6046 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | स | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | य | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6057

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6056 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

खबर संक्षेप

## आयशर मोटर्स के लाभ में 24 प्रतिशत वृद्धि




**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 1,369 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 45 प्रतिशत बढ़कर 6,172 करोड़ रुपये हो गई।

## सेन्को गोल्ड का शुद्ध लाभ हुआ चार गुना




**कोलकाता।** सेन्को गोल्ड लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 48.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 12.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सेन्को गोल्ड लिमिटेड की एकीकृत आय सालाना आधार दो प्रतिशत बढ़कर 1,536.1 करोड़ रुपये हो गई।

## ओपनएआई ने पेश किया जीपीटी-5.1




**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी ओपनएआई ने अपने नए संस्करण जीपीटी-5.1 को पेश किया है। कंपनी का कहना है कि यह नया मॉडल पहले की तुलना में ज्यादा बातचीत करने वाला और दोस्ताना है। कंपनी ने बताया कि इस अपडेट में ऐसे नियंत्रण जोड़े गए हैं, जिससे चैटजीपीटी उपयोगकर्ताओं की पसंद के अनुसार जवाबों का लहजा आसानी से बदला जा सके।

## वोल्टास का लाभ 76.3% घटकर 31.5 करोड़

**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनिंग विनिर्माता और इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.28 प्रतिशत घटकर 31.5 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। तिमाही में 132.83 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में वोल्टास की परिचालन आय 10.37 प्रतिशत घटकर 2,347.32 करोड़ रुपये रह गई।

# आरबीआई का बड़ा फैसला, गोल्ड के बाद अब सिल्वर लोन भी ले सकेंगे ग्राहक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर पैसों की जरूरत है तो अब आप चांदी के बदले भी बैंक से लोन ले सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सिल्वर लोन यानी चांदी के बदले कर्ज लेने की अनुमति दे दी है। अब तक केवल सोने के बदले ऋण यानी गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी। अब जरूरतमंद लोग अपने चांदी के आभूषण, सिक्के या अन्य चांदी से जुड़ी वस्तुएं गिरवी रखकर बैंक या गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) से लोन ले सकेंगे। नए नियम एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने वाले हैं। ग्राहकों को यह सुविधा कॉमर्शियल बैंक, अर्बन और रूरल को-ऑपरेटिव बैंक और एनबीएफसी के अलावा हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के माध्यम से मिलेगी।

## अभी तक केवल गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी

### किस तरह के उत्पाद पर लोन नहीं

हालांकि, रिजर्व बैंक ने यह साफ किया है कि प्योर गोल्ड या चांदी की ईंटों (बुलियन) या उनके वित्तीय उत्पाद के बदले लोन नहीं दिया जा सकेगा। वित्तीय उत्पाद में गोल्ड ईटीएफ या म्यूचुअल फंड यूनिट्स शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने यह नई सुविधा आरबीआई (गोल्ड एंड सिल्वर लोन) डायरेक्शंस, 2025 नियम के तहत शुरू किया है। इनका मकसद कीमती धातुओं के ऋण बाजार में पारदर्शिता, एकरूपता और निगरानी को मजबूत बनाना है।




### लोन चुकाने के बाद आभूषण की वापसी

रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार जब उधारकर्ता पूरा लोन चुका देगा तो बैंक को 7 दिन के भीतर आभूषण या चांदी लौटानी होगी। यदि बैंक की गलती से देरी होती है, तो ग्राहक को 5000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा। यदि ग्राहक समय पर लोन नहीं चुका पाता तो बैंक उसकी गिरवी रखी हुई चांदी या ज्वेलरी की नीलामी कर सकता है। हालांकि, इसके पहले ग्राहक को नोटिस भेजकर सूचित किया जाएगा।

### लोन न चुकाने पर नीलामी का अधिकार

नीलामी की रिजर्व प्राइस मौजूदा बाजार मूल्य के 90 प्रतिशत से कम नहीं रखी जाएगी। दो बार नीलामी असफल होने पर इसे घटाकर 85 प्रतिशत तक किया जा सकता है। यदि कोई ग्राहक ऋण चुकाने के दो साल बाद भी अपना सोना या चांदी नहीं लेता है, तो बैंक उसे लावारिस घोषित कर देगा और ग्राहक या उसके उत्तराधिकारियों से संपर्क करने के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा।

## भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता पर रिपोर्ट जारी

# नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत से छोटे उद्यमों पर पड़ रहा असर: एसोचैम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग मंडल एसोचैम ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत और एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी जैसी बाधाएं सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही हैं।

**एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी**

एसोचैम ने 'भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता' शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के लिए त्वरित और राज्य स्तर सुधारों का आह्वान किया है। रिपोर्ट में प्रमुख नियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं का उल्लेख किया गया है जो व्यावसायिक संचालन में बाधक बन रही हैं।

## एमएसएमई उद्योगों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही

### बंगाल व ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या

इनमें जटिल अनुमोदन और जटिल पंजीकरण प्रक्रियाओं, पैसे की वापसी में देरी, लगातार आईटीसी विवादों सहित जीएसटी से संबंधित बाधाएं, लॉजिस्टिक और अवसंरचना संबंधी बाधाएं शामिल हैं। इसके साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या का भी जिक्र किया गया है, जो देरी और उत्पादन हानि का कारण बनती हैं।




### राज्य स्तरीय सुधार एक साथ लाने का आह्वान

यह रिपोर्ट भूमि, भवन एवं निर्माण, श्रम, पर्यावरण, व्यापार और कराधान सहित अन्य क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दों का भी जिक्र करती है। रिपोर्ट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्य-स्तरीय सुधारों को एक साथ लाने का आह्वान किया गया है। साथ ही उद्योग से प्राप्त कार्रवाई योग्य सुझावों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

**इन राज्यों में सामने आई समस्या**

रिपोर्ट में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली, गोवा, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश में सामने आने वाली कई नियामक और अवसंरचनात्मक समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

### श्रम कानून में सुधार की सिफारिश

इसमें सुगम मंजूरी व्यवस्था, जीएसटी सुधार, समयबद्ध भूमि उपयोग बदलाव, श्रम कानून में सुधार और कंपनी-संबंधी नियमों को युक्तिसंगत बनाने की सिफारिश की गयी है। रिपोर्ट बुनियादी ढांचे में सुधार और प्रक्रियाओं के मानकीकरण, सरलीकृत ई-वे बिल व्यवस्था, अलग से लॉजिस्टिक केंद्रों और अत्याधुनिक बिजली वितरण व्यवस्था की भी सिफारिश करती है।

### भरोसेमंद व पारदर्शी माहौल बने

इसमें कौशल विकास, प्रौद्योगिकी अपनाने, नवाचार, निर्यात संवर्धन और योजनाओं को लेकर जागरूकता के माध्यम से एमएसएमई को समर्थन देने की बात कही गयी है। रिपोर्ट में कहा गया, "इन मुद्दों का समाधान करके, सरकार एक भरोसेमंद, पारदर्शी और कुशल कारोबारी माहौल बना सकती है।"

# सोने में 3,000 रुपए का उछाल और चांदी 7,700 रुपए चढ़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के चलते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' की समाप्ति ने भी सुरक्षित-निवेश का विकल्प मानी जाने वाली परिसंपत्ति की अपील को समर्थन दिया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही, जो बुधवार के 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

- सोने की कीमत बढ़कर 1,30,900 रुपए प्रति दस ग्राम

### शटडाउन का भी असर पड़ा

गांधी ने कहा, "इसके अलावा, फेडरल रिजर्व द्वारा शटडाउन के कारण हुई आंशिक नकदी की कमी को दूर करने के लिए प्रणाली में और अधिक धन डालने की संभावना है, जिसका कीमती धातुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।" विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 1.13 प्रतिशत बढ़कर 53.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### चांदी में इस सप्ताह 10 फीसदी से अधिक उछाल

गांधी ने कहा, "इस सप्ताह चांदी में जोरदार उछाल आया है और अब तक 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह उछाल कई तेजी के कारकों से प्रेरित है, जिनमें ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें, आपूर्ति संबंधी चिंताएं, मजबूत औद्योगिक और निवेश मांग, और मजबूत तकनीकी गति शामिल हैं।"

# भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात 10 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात अप्रैल-सितंबर के दौरान सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा है। यह वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों और प्रमुख बाजारों में शुल्क संबंधी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में उल्लेखनीय मजबूती को दर्शाता है। कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इन 111 बाजारों ने अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान 848.90 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया जबकि पिछले वर्ष यह 771.85 करोड़ डॉलर डालर था। यह 10 प्रतिशत व 77.03 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्शाता है।

भारत के वस्त्र, परिधान और सिले हुए वस्त्र के वैश्विक निर्यात में अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान सालाना आधार पर कुल मिलाकर 0.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। भारत के लिए कुछ बड़े निर्यात बाजार जिन्होंने प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की वे संयुक्त अरब अमीरात (14.5 प्रतिशत), ब्रिटेन (1.5 प्रतिशत), जापान (19 प्रतिशत), जर्मनी (2.9 प्रतिशत), स्पेन (9 प्रतिशत) और फ्रांस (9.2 प्रतिशत) हैं। दूसरी ओर, उच्च वृद्धि दर दर्ज करने वाले कुछ अन्य बाजार मिस्र (27 प्रतिशत), सऊदी अरब (12.5 प्रतिशत), हांगकांग (69 प्रतिशत) आदि हैं। इस वृद्धि को संचालित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सभी वस्त्रों में सिलेसिलाए परिधान (आरएमजी) शामिल हैं जिसमें 3.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जूट में 5.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### मेक इन इंडिया पहल का असर

वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस क्षेत्र की नुकूलनशीलता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। गैर-पारंपरिक बाजारों में भारत का निरंतर विस्तार 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत निर्यात विविधीकरण, मूल्य संवर्धन एवं वैश्विक बाजार एकीकरण पर सरकार के नीतिगत रुख को और मजबूत करता है।

## टाइटन आई+ ने बाल दिवस पर शुरू किया 'एक तारा परीक्षण' अभियान

**बेंगलुरु।** बाल दिवस के अवसर पर टाइटन आई+ ने बच्चों की दृष्टि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'एक तारा परीक्षण' नामक अभिनव अभियान की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों की आंखों की जांच के लिए प्रेरित करना और कम उम्र में ही दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना है। यह विचार प्राचीन 'हंटर टेस्ट' से प्रेरित है, जिसे अब एक मनोरंजक और सरल नेत्र-जांच उपकरण के रूप में पेश किया गया है। अभियान की कहानी एक फिल्म के माध्यम से दिखाई गई है, जिसमें साहिबा नाम की एक छात्रा की धुंधली दृष्टि से जूझने की कहानी है।

# महिंद्रा का बीमा क्षेत्र के लिए मनुलाइफ से मिलाया हाथ

**भारत में 50:50 के अनुपात में जीवन बीमा उद्यम स्थापित करेंगे**

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मनुलाइफ के साथ 50:50 अनुपात में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए समझौता करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसमें दोनों साझेदारों की ओर से 3,600-3,600 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने कहा कि दोनों साझेदार एक ऐसा व्यवसाय बनाना चाहते थे जिसका मूल्यांकन 10 वर्ष में 18,000 करोड़ रुपये से 30,000 करोड़ रुपये के बीच हो सके। सीईओ ने ऑनलाइन आयोजित सम्मेलन में कहा, " अब,



हम मानते हैं कि इसे हासिल किया जा सकता है..." यह नया उद्यम भारत में महिंद्रा और कनाडा की जवीन बीमा कंपनी मनुलाइफ की मौजूदा उपस्थिति को मजबूत करेगा। साथ ही यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक में ग्राहकों की वित्तीय कल्याण को बढ़ाने में उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। मुंबई स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि प्रत्येक शेयरधारक की कुल पूंजी प्रतिबद्धता 3,600 करोड़ रुपये तक है। इसमें प्रत्येक शेयरधारक से पहले पांच वर्ष में 1,250 करोड़ रुपये का निवेश करने की उम्मीद है। शाह ने कहा कि साझेदार संयुक्त उद्यम को ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में नंबर एक जीवन बीमा कंपनी बनाने की आकांक्षा रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होगा विस्तार सीईओ ने कहा, " महिंद्रा ब्रांड की मजबूती, ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में गहन वितरण क्षमताएं एवं निष्पादन उत्कृष्टता, जीवन बीमा को एक व्यापक वित्तीय सेवा खंड बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में एक तार्किक विस्तार बनाती हैं।"

# भारत के पीवीसी रेजिन आयात में कैंसरकारी तत्व की मौजूदगी

**सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट**
**वैश्विक सुरक्षा सीमा से पांच गुना अधिक कैंसरकारी तत्व**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी डॉट इन) की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया है कि भारत को खराब गुणवत्ता वाले पीवीसी रेजिन के आयात से सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, जिसमें वैश्विक सुरक्षा सीमा से पांच गुना अधिक स्तर तक के कैंसरकारी तत्व शामिल हैं।

आईआईटी दिल्ली में जारी की गई इस रिपोर्ट से पता चला है कि आयातित पीवीसी रेजिन में उच्च स्तर के अवशिष्ट विनाइल क्लोराइड मोनोमर (आरवीसीएम) होते हैं, जिसे अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी द्वारा श्रेणी वन ए कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पीवीसी वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका व्यापक उपयोग जल, स्वच्छता, सिंचाई, स्वास्थ्य सेवा, निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में होता है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीवीसी रेजिन पर सरकार का प्रस्तावित गुणवत्ता




नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ), जिसे पहली बार अगस्त, 2024 में अधिसूचित किया गया था, तीन बार स्थगित किया जा चुका है और अब इसे दिसंबर, 2025 में लागू किया जाना है। सी-डीईपी.इन के अध्यक्ष डॉ. जयजीत भट्टाचार्य ने कहा, "नरेन्द्र मोदी सरकार गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अपनाकर शून्य दोष, शून्य प्रभाव की नीति को आगे बढ़ा रही है। सरकार का यह नीतिगत कदम उपभोक्ता सुरक्षा और औद्योगिक मानकों को मजबूत कर रहा है, साथ ही भारत से विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले निर्यात को बढ़ावा दे रहा है।"

**घरेलू उद्योगों की सुरक्षा को मिले प्राथमिकता :** शर्मा ने कहा, "स्वदेशी जागरण मंच एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सरपंच पति अवैध,...

आयोग इसकी जांच कर रहा है। सरपंचों के अलावा यह भी देखा जा रहा है कि सांसद, विधायक व पार्षद अपने रिश्तेदारों को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त तो नहीं कर रहे हैं? इसे असंवैधानिक बताया गया है। छत्तीसगढ़ में कितने नेताओं के रिश्तेदार प्रतिनिधि बनाए गए हैं, आयोग ने इसकी जानकारी मांगी है। **नेता अपने रिश्तेदारों को बना रहे हैं प्रतिनिधि-** आयोग को मिली शिकायत में सांसदों, विधायकों, द्वारा निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों को अपने संपर्क व्यक्ति या प्रतिनिधि के रूप में अनौपचारिक रूप से नियुक्त करने का मुद्दा भी उठाया गया है। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में, जिसके परिणामस्वरूप संवैधानिक रूप से अधिदेशित स्थानीय स्वशासन निकायों के कामकाज में अनुचित हस्तक्षेप होने का आरोप है। ऐसी प्रथाओं का आरोप न केवल लोकतांत्रिक लोकाचार को नष्ट करता है बल्कि भारत के संविधान में निहित हस्तांतरण के सिद्धांत का भी उल्लंघन करता है।

### ये है मामला...

लगातार उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त करने वाली एक शिकायत प्राप्त हुई है। यह आरोप लगाया गया है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक और न्यायिक सुरक्षा उपायों के बावजूद, निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को अक्सर नाममात्र या प्रतीकात्मक प्रमुख तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि वास्तविक प्रशासनिक और निर्णय लेने की शक्तियाँ उनके पुरुष रिश्तेदारों द्वारा अनौपचारिक रूप से पद की शक्तियों और जिम्मेदारियों का प्रयोग करते हुए प्रयोग की जाती हैं।

### छत्तीसगढ़ सहित राज्यों ....

आयोग ने राज्य से पूछा है कि क्या आपके राज्य में, सांसदों और विधायकों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के रिश्तेदारों को सांसदों और विधायकों के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने की कोई प्रथा है? राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस मामले को लेकर राज्य से चार सप्ताह के भीतर एटीआर यानि एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे
MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

### संक्रमण की वजह...

स्वास्थ्य संचालक ने तत्काल इस घटना की जांच के लिए राज्य स्तर पर तीन सदस्य टीम का गठन किया, जिसमें डॉ. निधि अत्रिवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी, संयुक्त संचालक डॉ. महेश एवं डॉ. सरिता थॉमस, नेत्र रोग विशेषज्ञ (जिला अस्पताल जगदलपुर) 3 बजे बीजापुर जिला अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे हुए हैं। **अस्पताल स्टाफ और मरीजों से हुई इंक्वायरी**-पहले टीम सिविल सर्जन कार्यालय में बैठकर, मरीजों के बारे में डॉक्टर और कर्मचारियों से 1 घंटे तक पूछताछ करती रही, उसके बाद टीम ने आई वार्ड में जाकर वर्तमान में मोतियाबिंद ऑपरेशन हुए मरीजों से मुलाकात की। उनसे ऑपरेशन और सेवन की गई दवा गोली की जानकारी ली, फिर टीम उस ऑपरेशन थिएटर में पहुंची, जहां मरीजों का बारी बारी से ऑपरेशन हुआ था। टीम सारी तहकीकात कर चार दिनों के अंदर स्वास्थ्य संचालक को रिपोर्ट सौंपेगी। उसके बाद ही मरीजों को ऑपरेशन के बाद किन कारणों से इन्फेक्शन हुआ है, इसकी जानकारी होगी।

### देश में 32...

स्थानों के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। पुलिस ने पता लगाया है कि कैसे उमर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के रास्ते हरियाणा से दिल्ली आया, सड़क किनारे एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका और अगली सुबह राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से पहले अपनी कार में रात बिताई। सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के नजदीक हुंदै आई20 कार में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दर्ज उमर की गतिविधियां गहरी साजिश और पकड़े जाने से बचने के लिए की गई कोशिशों की ओर इशारा करती हैं। इधर, एक और खुलासा हुआ है, लाल किले बम धमाका के बाद आतंकी डॉक्टर मोहम्मद उमर नबी का एक पैर का पंजा और इंजन के पुर्जों में चिपके मांस के टुकड़े ही मिले हैं। शरीर का बाकी हिस्सा विस्फोट में उड़ गया। पैर का पंजा आगे के टायर की व्हील के नीचे मिला था। इस पंजे और इंजन के पुर्जों से चिपके मिले मांस के टुकड़ों की डीएनए जांच से पता लगा कि मरने वाला उमर नबी ही था। पुलिस को उमर के शरीर के इन हिस्सों के अलावा मौके से कोई अंग नहीं मिला है। माना जा रहा है कि कुछ दूर जाकर गिरे अंगों को पंछी-जानवर खा गए होंगे। विस्फोटक के कार के पीछे की सीट पर रखे होने की बात कही जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि आतंकी संगठन अपने विदेशी हैंडलर्स से एनक्रिप्टेड रूट के माध्यम से संवाद करते थे और इसी माध्यम से उन्हें आदेश भी मिलते थे। अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी शिपमेंट और पैकेज जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे। जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोडवर्ड्स को बरामद किया है, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ है।

### विस्फोट से पहले...

और शाम तक दिल्ली के कई इलाकों में घूमता रहा, जिसमें कनॉट प्लेस और दरियागंज भी शामिल हैं। उसे आखिरी बार लाल किले के पास देखा गया।

### केस-1...

कक्षा की बच्चों की क्लास ले रही थी। ब्लैकबोर्ड पर वह पुस्तक देखकर पढ़ाई करवाती मिली। कक्षा के दूसरे बच्चे भी बैठे हुए पढ़ाई करते मिले। इस कक्षा के टीचर की एसआईआर कार्य में ड्यूटी लगी हुई है।

### केस-4...

हुई है। 4 दिसंबर तक सभी बीएलओ को तीन-तीन बार लोगों के घर जाकर मतदाताओं की जांच करनी है। आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग के अफसरों को इसकी जानकारी ही नहीं है कि किस स्कूल के कितने टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### केस-5...

शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई जहां पर दो ही शिक्षक थे। इनमें से एक शिक्षक की ड्यूटी लगने पर अब जिलेभर के कई स्कूल फिर से एकल शिक्षकीय हो गए हैं।

### केस-6...

उनका कहना है कि शैक्षणिक सत्र के बीच बीएलओ ड्यूटी लगाने से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। प्रशासन को अन्य विभागों के कर्मचारियों को इस कार्य में शामिल करना चाहिए।

### सुबह से शाम...

दो शिक्षकों के भरोसे स्कूल संचालित हो रहे हैं। जहां शिक्षक नहीं है वहां मध्याह्न भोजन पकाने वाली महिलाएं बच्चों को स्कूल के निर्धारित समय तक रोकने का प्रयास कर रही हैं। कई स्कूलों में बड़ी कक्षाओं के बच्चे छोटी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ा रहे हैं। ज्यादातर स्कूलों में बच्चे इधर-उधर घूमते हुए नजर आते हैं। राजधानी रायपुर सहित अन्य बड़े शहरों में अपेक्षाकृत शिक्षकों की संख्या अधिक है, इसलिए यहां पूरी तरह तालाबंदी की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। हालांकि यहां भी कई स्कूल ऐसे हैं, जहां शिक्षक पढ़ाई छोड़कर खेलकूद में ही व्यस्त हैं। **खाना खाकर लौट रहे छात्र** -जो विद्यार्थी विद्यालय आ रहे हैं, उनमें से अधिकतर भोजन करके घर लौट रहे हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले और उन्हें परोसने वाले किसी तरह बच्चों को शाला समय तक रोकने की कोशिश कर रहे हैं। दिसंबर माह से स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी जबकि जनवरी माह में प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी।

### जेपी इंफ्राटेक के...

जांच शुरू की, जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात का आरोप लगाया गया था। इसमें आरोप लगाया गया है कि आवासीय परियोजनाओं के निर्माण और उन्हें पूरा करने के लिए हजारों घर खरीदारों से एकत्रित धनराशि को निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी हुई और उनकी परियोजनाएं अधूरी रह गईं। ईडी ने 23 मई को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी ली थी, जिनमें जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के कार्यालय और परिसर शामिल थे।

### शराब घोटाला केस...

है, जिसकी कीमत 59.96 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 1.24 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस तथा फिक्स डिपॉजिट जब्त किया गया है। ईडी के आरोपों के अनुसार चैतन्य बघेल ने शराब की काली कमाई को व्हाइट करने अपने रियल एस्टेट कारोबार में निवेश किया। **शराब घोटाले में ढाई हजार करोड़ की अवैध कमाई**-ईडी ने एसीबी ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। एफआईआर में आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं लगाई गई थीं। जांच में पता चला कि इस घोटाले से राज्य सरकार के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की अवैध कमाई का खेल चला। शराब की अवैध कमाई से लाभार्थियों की जेबें भरने का आरोप है। **चैतन्य सिंडिकेट का मुखिया**--ईडी की रिपोर्ट तथा जांच में खुलासा हुआ है कि चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट का मुखिया था। उसकी स्थिति और राजनीतिक प्रभाव के कारण वही पूरे नेटवर्क का नियंत्रक और फैसले लेने वाला व्यक्ति था। सिंडिकेट द्वारा इकट्ठा की गई अवैध रकम का हिसाब वही रखता था। कलेक्शन, चैनलाइजेशन और वितरण से जुड़े सभी प्रमुख फैसले चैतन्य के डायरेक्शन पर लिए जाते थे। **चार महीने से जेल में बंद है चैतन्य**-शराब घोटाला प्रकरण में ईडी ने चैतन्य बघेल को उसके जन्मदिन के दिन भिलाई स्थित निवास से 18 जुलाई को गिरफ्तार किया है। तब से वह रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। चैतन्य बघेल को कोर्ट से अब तक किसी भी प्रकार से राहत नहीं मिल पाई है। चैतन्य के जेल में रहते ईडी ने उसकी संपत्ति अटैचमेंट करने की कार्रवाई की है।

### हाईकोर्ट ने रद्द...

हाईकोर्ट ने निर्वाचित विधायक को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने के लिए अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल किया है। रॉय मई 2021 में कृष्णानगर उत्तर सीट से भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, लेकिन उसी साल जून में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में वह विधायक का दर्जा बरकरार रखते हुए राज्य के सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए थे।

### बिहार में आज...

अब सभी की नजरें चुनाव नतीजों पर हैं। ये दिन तय करेगा कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक और कार्यकाल हासिल करेंगे या पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सत्ता संभालेगा। वोटों की गिनती सुबह से ही शुरू हो जाएगी, जिसके बाद शुरुआती रुझान आने शुरू हो जाएंगे। फाइनल रिजल्ट शाम तक आने की संभावना है। एग्जिट पोल के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लगभग सभी एग्जिट पोल ने एनडीए की बड़ी जीत का अनुमान लगाया है।चुनाव प्रचार के दौरान सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और गठबंधनों ने जोरदार प्रचार किया। इस विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार, राज्य के 38 जिलों में बनाए गए कुल 46 काउंटिंग सेंटरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चुनाव में 7.45 करोड़ मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों का भाग्य तय किया। आयोग के बयान के मुताबिक, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को बेहद सुरक्षित रखा गया है और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है।

### वेल्डिंग दुकान के...

का खुलासा होने के बाद अब हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि लखनपुर में विधायक निवास के समीप ही जेएस फेब्रिकेशन के नाम से वेल्डिंग की दुकान संचालित है। वेल्डिंग दुकान के साथ ही मकान में दो से तीन कमरों में अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि क्लिनिक में लकड़ी के बेंच पर मरीज भर्ती कर बाकायदा उनका उपचार भी किया जा रहा था। मरीजों को इंजेक्शन लगाने के साथ ही स्लाइन चढ़ाई जाती है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद कुछ लोगों ने क्लिनिक में जाकर वीडियो बना लिया और अब यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। झोलाछाप का क्लिनिक विधायक आवास के समीप ही चल रहा है जहां दूर दराज से मरीज आकर अपना उपचार करा रहे हैं और इस बात की जानकारी किसी को नहीं थी। इतना ही नहीं इस क्लिनिक में लोगों के ब्लड सैंपल भी लिए जाते हैं। बता दें कि लखनपुर इलाके में फर्जी और झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से कई मरीजों की पिछले कुछ सालों के भीतर जान भी जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले को लेकर लापरवाह बना हुआ है तो दूसरी तरफ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी इस पूरे मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता हैं जिसे tally एवं busy software में कार्य का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अनिश ऑटोमोबाइल्स लिंक रोड बिलासपुर 9399512699 (39141)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनखाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 (39150)

**आवश्यकता है-** घरेलू सभी काम करने के लिए अनुभवी महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 7583808008 (39151)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट में ऑफिस कार्य करने हेतु शिक्षित अनुशासित स्मार्ट युवक, युवती चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर सीपत रोड एवं आसमां सिटी के पास उस्लापुर बिलासपुर 8319734999 (39149)

**आवश्यकता है-** पेन्ट, नल फिटिंग दुकान में कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री शिव शक्ति इन्टरप्राइजेज यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9340265565 (39143)

**आवश्यकता है-** मित्तल फर्नीचर, अमेरी चौक बिलासपुर में लोकल में छोटा हाथी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। टाइम सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सैलरी 12000 सम्पर्क करें- 97528 55538 (39142)

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोंड़पारा बिलासपुर (39127)

**आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में आफिस कार्य, टेलीकॉलिंग, सेल्स हेतु स्मार्ट शिक्षित, अनुभवी लड़कियां चाहिए वेतन 7000 से 20000 योग्यता अनुसार बोनस कमीशन। रिज्यूम 9608777772 पर Whats App करें। अनुभवी लड़कियां सम्पर्क करें-SS Plywood महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589687772 (39035)**

**आवश्यकता है-** हाऊसकीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्वॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्वॉय-10, ऑफिस ब्वॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000- 10000 पता- डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

**आवश्यकता है-** शहर के प्रतिष्ठित रेस्टोरेन्ट मौसा जी रेस्टोरेंट के लिए 15-20 हाउस कीपिंग स्टाफ आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8085757457 (39148)

**आवश्यकता है-** सलोन में सफाई हेतु लड़का/लड़की चाहिए समय सुबह 11 से रात 8:30 तक वेतन योग्यता अनुसार पता Bellazio The Family Salon, H2/75 नर्मदा नगर बिलासपुर 88893 33941, 7987461602 (39138)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य करने हेतु लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मोदी हार्डवेयर अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक सीमेन्ट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 (39146)

**आवश्यकता है-** छोटे बच्चे की देखभाल के लिए महिला या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी.पुरी, मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड बिलासपुर 93409 69592, 7828803577 (39145)

**आवश्यकता है-**कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़की एवं लड़को की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- शिवांश वस्त्रालय स्टेट बैंक के पास शिव्या प्लाजा, मंगला, बिलासपुर 6263894545 (39124)

**आवश्यकता है-** हाउस कीपिंग विभाग हेतु मैन पावर सप्लाई कम्पनी चाहिए हमारे संस्थान में स्वच्छता, रखरखाव कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय हाउस कीपिंग सेवा प्रदाताओ से प्रस्ताव आमंत्रित है सम्पर्क करें- 9826300970 (39133)

**आवश्यकता है-** एलआईसी के साथ बनाये शानदार कैरियर एजेन्ट बने 4 से 6 घण्टे फील्ड कार्य कर 50000 से अधिक कमीशन पायें। फ्री ट्रेनिंग, विस्तृत बेनेफिट पैकेज, फुल टाइम पार्ट टाइम कैरियर पुरस्कार, सम्मान शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती, गृहिणी, कृषक बिजनेस मेन महिला बीमा सखी बनने सम्पर्क करें- अजय कुमार सिंह विकास अधिकारी 98933 11075 (39137)

**आवश्यकता है-** स्वरोजगारी बनें बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिये पार्ट/ फुल टाइम घर से काम का एक अवसर कोई निवेश नही न्यूनतम दो घण्टे, कम्पनी के विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग, मार्गदर्शन। सम्पर्क करें- 8839008253 (39135)

**आवश्यकता है-** PWD रोड एवं WRD लाइनिंग निर्माण कार्य हेतु मुंगेली एवं रायपुर जिलों में कार्य हेतु फ्रेशर एवं अनुभवी 3 सिविल इंजीनियर, 4 सुपरवाइजर, 2 पिकअप ड्राईवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा रायपुर 8356044287, 7415917778 (39130)

**आवश्यकता है-** क्लिनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। पता- पुराना बस स्टैंड, राजीव प्लाजा के पास। सैलरी 4-5 हजार मो. 7880210386 (362)

**आवश्यकता है-** पराठा, दोसा, एगरोल, पिज्जा, जूस, नारियल पानी, भेल, गुपचुप स्टॉल में काम करने हेतु मिस्त्री एवं हेल्पर (महिला/ पुरुष) चाहिए सम्पर्क करें- मिनी चौपाटी राजीव गाँधी चौक, जरहाभाठा, बिलासपुर 9098859081 (39126)

**आवश्यकता है-** वैलनेस प्रोडक्ट फ्रैंचाइजी में कम्प्यूटर बिलिंग, प्रोडक्ट देने हेतु पुरुष कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 9000 समय सुबह 10 से शाम 7बजे। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 98930 81826, 7067124226 (39129)

**आवश्यकता है-** होलसेल बैग दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं कलैक्शन के लिए लाइनमैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- आर.के. बैग, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा, बिलासपुर 9713615767 (39132)

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग केनोपी बैठने के लिए 10 युवतियों (सैलरी+ कमीशन), छोटा हाथी (प्रचार वाहन) चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस स्टॉफ के लिये मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करे 9993243498 (39131)

**आवश्यकता है-**लेथ मशीन मिस्त्री (अनुभवी) एवं फोरमेन जो कि सभी मशीन चलाना जानता हो सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (39120)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें- Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 77470 00019, 7747000016, 7746000016 (348)

**आवश्यकता है-**फैक्ट्री मेस में काम करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री, बर्तन धोने वाले, खाना देने वाले, काउन्टर में सम्भालने वाले लड़के चाहिए। रहना खाना फ्री सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 (39113)

**आवश्यकता है-**एलआईसी में महिलाओं के लिए खास बीमा सखी बनने का अवसर। मानदेय 7000 रुपए प्रतिमाह सम्पर्क करें- स्मिता तिवारी दुबे 8839185098 (39122)

**आवश्यकता है-**माली, गार्ड, ड्राइवर एवं घरेलू कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। परिवार सहित रहने की सुविधा मिल सकती है एवं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क 7694006589 (39116)

**आवश्यकता है-** दवाई दुकान होलसेल रिटेल में कार्य करने लड़के, लड़कियां, ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, माल लाने लेजाने हेतु चाहिए (कार्य समय सुबह 9:30 से रात 8:30 तक) बायोडाटा वाट्सअप करें- 78697 97088 (39107)

**आवश्यकता है-** मैनेजर 1पद (25वर्ष से ऊपर) झाड़ू पोछा करने हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 भोजन, आवास ग्रामीणों को निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 98279 40898, 9406390898 (39105)

**Requirment-**Post Sales Co-ordinator Backoffice Computer Work, Skill Required (1) Knowledge in computer- MS Word, Excel, E-Mail (2) Good Communication Skills. Qualification- Graduate and Above Working Experience 0-5 Year. Contact Details- Flodyne Corporation Plot no. 71B, Industrial Area Sirgitti, Bilaspur 9755637001 (39083)

**आवश्यकता है-**सौर ऊर्जा पेनल की मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवक-10, युवती-10 चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- PRO Solar Energy Company कालिंदी कुंज, किचन गार्डन रेस्टोरेन्ट के पास, गौरव पथ, रिंग रोड-2, बिलासपुर 93021 58989 (39121)

**आवश्यकता है-**बर्तन दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। पढ़े लिखे, अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 7000174803 (39115)

**आवश्यकता है-**लॉण्ड्री शाप हेतु वाशर मैन, आयरन मैन, स्टोर मैनेजर एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक चाहिए सम्पर्क- शॉप नं.14, सिटी सेन्टर, सत्या आटोमोबाइल के बाजू में बिलासपुर 9752760266, 9669300033 (39119)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर जांजगीर, खरसिया में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, ड्राइवर की आवश्यकता है PF ESI मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्युरिटी राजेंद्र नगर बिलासपुर 9111175190, 9098318675 (350)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर के रियल एस्टेट कंपनी में जरूरत है, सेल्स मैनेजर फ्रेशर्स & अनुभवी लड़के, लड़कियों लग्जरी ऑफिस, बेस्ट सपोर्ट सिस्टम। सम्पर्क करें- 97704 68361, 7987374690 (360)

**आवश्यकता है-** ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु सेल्समेन (लड़कों), टेलीकॉलर/ एकाउंटेंट (लड़की), ड्राइवर, बैटरी टेक्निशियन, वेतन- योग्यतानुसार (12000- 20000) +इन्सेंटिव, संपर्कः- Singhania Enterprises, श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 (367)

**आवश्यकता है-**बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39022)

**आवश्यकता है-**अम्माजी ट्रेडर्स मे प्रोडक्ट सेल्समेन फील्ड ऑफिसर बिलासपुर के बाहर क्षेत्र हेतु तत्काल भर्ती योग्यता- 12वीं पास, स्वयं का वाहन व सेल्स अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन+ इंसेंटिव+ पेट्रोल, सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 62667 32985, 9685138652 (346)

## बेचना

**बेचना है-** जमीन जिले के भविष्य विकसित सीपत में निवेश करें आवासीय डायवर्टेड प्लाट, मकान, दुकान, कृषि भूमि की खरीदी बिक्री हेतु सीधे भूस्वामी से सम्पर्क करें। वाजिब रेट ईमानदारी का सौदा प्रॉपर्टी डीलर भी सम्पर्क करें। फाईनेन्स उपलब्ध राजू एण्ड इमरान प्रापर्टी नवाडीह भूपेन्द्र सम्पर्क- 8349566067 (39140)

**बेचना है-** वार्ड16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली 1 डिसमिल में बना 2 मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन, अटैच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी कीमत 15.51लाख सम्पर्क करे- 9753505350, 95222 48786 (39136)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्क करें 6265041277, 84619 97770 (364)

**बेचना है-** न्यू पिकनिक स्पॉट खोन्धरा, शांत, सुरक्षित, सबसे कम दाम शानदार भवन शादी, पार्टी पिकनिक स्कूल टूर बाटनिकल गार्डन हेतु सम्पर्क करें- सार्थक फार्म स्टे- रमेश 7587298733 (39139)

**बेचना है-**विकसित T&C अप्रूव्ड आवासीय कालोनी आर. के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो स्वतंत्र मकान बेचना है कीमत 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80 लाख सम्पर्क करें- 93009 89627 (39017)

**बेचना है-**बलराम टॉकीज रोड में स्टेट बैंक के पास ग्राउण्ड फ्लोर पर 10×12 एवं फर्स्ट फ्लोर की 10×12 (ऊपर, नीचे) की दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 9926127230 (39118)

## किराया

**किराया-** V R Plaza लिंक रोड में फर्स्ट फ्लोर पर 240/स्क्वायर फीट सेमी फर्निश्ड ऑफिस किराये से देना है रेंट 8,000 मो. 9893 130580 (39147)

## फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 (366)

**फायनेंस-** महालक्ष्मी फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार की लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन, पर्सनल, लेबर कार्ड, डेयरी फार्म, होम लोन आधारकार्ड पर (50000– 30 लाख तक) (2% ब्याज), (30% छूट) मो. 8349203168. (368)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है।
क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं हैं। ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इन्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# ओलंपिक में 100 साल बाद दिखेगा क्रिकेट, महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई और पुरुषों का 29 को

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स ओलंपिक आयोजकों ने 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि 'सुपर शनिवार' का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा।




### 100 साल बाद क्रिकेट की हो रही वापसी

*क्रिकेट 100 साल से अधिक समय बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है, जिसमें महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई 2028 और पुरुषों का फाइनल 29 जुलाई 2028 को होगा। बेसबॉल को भी दोबारा शामिल किया गया है, जिसके मुकाबले 13 जुलाई से डॉजर स्टेडियम में होंगे ताकि खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार अमेरिकी फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश जैसे नए खेल जोड़े गए हैं, जबकि लैक्रोस 1908 के लंदन ओलंपिक के बाद एक बार फिर वापसी करेगा।*




### महिला खिलाड़ियों पर दिया गया विशेष जोर

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

### ओलंपिक में पहली बार होगा ऐसा

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है, ताकि खिलाड़ियों को ठंडे और अनुकूल मौसम में प्रदर्शन करने का अवसर मिले।

### सुपर शनिवार में 23 खेल होंगे

तैराकी प्रतियोगिताओं को दूसरे सप्ताह में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि सोफी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ-साथ तैराकी स्पर्धाएं भी होंगी। 29 जुलाई को सुपर शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 23 खेलों की 26 फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 15 टीम इवेंट्स के स्वर्ण और कांस्य मुकाबले तथा 15 व्यक्तिगत खेलों के फाइनल शामिल हैं। मैराथन दौड़ें अंतिम सप्ताहांत में होंगी। महिलाओं की 29 जुलाई को और पुरुषों की 30 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

### जनवरी से मिलेंगे टिकट

लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण जनवरी में शुरू होगा। लगभग 1.4 करोड़ टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कीमतों की जानकारी बाद में जारी की जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि टिकटों पर गतिशील मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू नहीं होगी। अमेरिका के विभिन्न शहरों में खेले जाने वाले ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट और लॉस एंजिल्स पैरालंपिक से जुड़ी जानकारी भी आगामी समय में घोषित की जाएगी।

## पहला टेस्ट सुबह 9:30 बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में

# टीम इंडिया घरेलू मैदान का उठाना चाहेगी फायदा दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों से निपटना कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में आमने सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं।



### लगभग बराबरी का रहा है आपसी मुकाबला

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 44 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 16 मैच में जीत मिली है और 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। भारत की धरती पर दोनों टीमों के बीच 19 टेस्ट खेले गए हैं। 11 मैच में भारतीय टीम को जीत और 5 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा (ड्रॉ- 3) है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज में 3 पारियों में 196 रन बनाए थे। उनका हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 20.76 की औसत के साथ 38 विकेट लिए हैं। वह भारत में 17.59 की औसत के साथ 54 विकेट ले चुके हैं। रबाडा ने भारत के खिलाफ 14 टेस्ट में 22.60 की औसत से 55 सफलताएं हासिल की।

# यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह की पक्की



एजेंसी ▶▶| तूरिन (इटली)

गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन

सिनर दो जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक-एक जीत हासिल की है। बेन शेल्टन अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाए हैं। एक अन्य मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने शेल्टन को 4-6, 7-6 (7), 7-5 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

**कालिन्दी देवी तिलकराम चन्द्र कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, सलनी**
विकास खण्ड- जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
Email- kalindricollegesalni.com/
Web- ktccollegesalni.com

**आवश्यकता है**

कालिन्दी देवी तिलकराम चन्द्र कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, सलनी
जिला-सक्ती (छ.ग.) 495690
हेतु परिनियम 28 के तहत निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है
शैक्षणिक संवर्ग:-
सहायक प्राध्यापक- हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, वनस्पति शास्त्र, जंतु विज्ञान, गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र,
कीड़ा अधिकारी एवं ग्रंथपाल (1 पद प्रत्येक विषय में)
वेतनमान:- शैक्षणिक पदों के लिए U.G.C. के नियमानुसार मूलवेतन प्रदान किया जायेगा।
योग्यता:- U.G.C. 2010 के अनुसार
अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र (संपुर्ण विवरण) के साथ 2 प्रति में दिनांक- 24/11/2025 तक उक्त पते पर डाक द्वारा प्रेषित करें

**अध्यक्ष शासी निकाय**
कालिन्दी देवी तिलकराम चन्द्र कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, सलनी विकासखण्ड- जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) 495690
मोबाइल नंबर - 7999010843

# ज्योति सहित भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप के साथ मिलकर महिला टीम वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला टीम ने कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी।



### ज्योति ने हराया हमवतन प्रितिका को

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में 17 साल की हमवतन प्रितिका पर 147-145 से जीत दर्ज कर खिताब जीता। ज्योति ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की सि यु चेन को 149-143 से हराने के दौरान केवल एक अंक गंवाया था जबकि प्रितिका ने अंतिम चार में घरेलू प्रबल दावेदार कुलसुम अख्तर मोन को 146-145 से पराजित किया था।

### विश्व कप विजेता दीप्ति का आगरा में जोरदार स्वागत

आगरा। अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को पहली बार महिला विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति शर्मा का यहां अपने घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान 10 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया गया। भारत ने दो नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। जिसमें दीप्ति ने अर्धशतक बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं दीप्ति के सम्मान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोड शो में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। रोड शो में शामिल हुए तथा रोड शो के मार्ग पर झंडे लहराते हुए और फूल बरसाते हुए नजर आए।

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का फरमान, दूसरा वन-डे आज


# पाक में धमाके के बावजूद श्रीलंका खेलेगी पूरी सीरीज

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अपनी टीम को पाकिस्तान का दौरा जारी रखने का आदेश दिया है। कई खिलाड़ियों ने घर लौटने की इच्छा जताई थी, लेकिन बोर्ड ने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर औपचारिक समीक्षा की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह खिलाड़ियों के स्थान पर नए खिलाड़ी भेजेगा। बता दें, हमले में 12 लोगों की मौत और 27 घायल हुए थे।

### शेड्यूल में हुआ बड़ा बदलाव

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे और तीसरे वनडे मैचों का शेड्यूल बदल दिया है। अब दूसरा मैच गुरुवार की बजाय शुक्रवार (14 नवंबर) और तीसरा मैच शनिवार की बजाय रविवार (16 नवंबर) को रावलपिंडी में खेला जाएगा। पीसीबी के प्रमुख और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया पर नया कार्यक्रम साझा करते हुए श्रीलंकाई टीम का आभार जताया है। श्रीलंका ने हालिया सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान दौरा जारी रखने का फैसला किया है।



### श्रीलंका का खिलाड़ियों के लिए आदेश

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी सुरक्षा चिंताओं पर पीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। बोर्ड ने बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ियों से तुरंत बातचीत की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### खिलाड़ी अगर घर लौटे तो तुरंत नए सदस्य आएंगे

एसएलसी ने यह स्पष्ट किया कि जो खिलाड़ी या सहयोगी स्टाफ सदस्य घर लौटना चाहेंगे, उनकी जगह तुरंत नए सदस्य भेजे जाएंगे ताकि सीरीज बिना बाधा जारी रह सके। बोर्ड ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मौजूदा दौरे की निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता के तहत लिया गया है। बोर्ड ने दोहराया कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

**पहले वनडे में श्रीलंका को मिली थी हार**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पहले वनडे में श्रीलंका को 6 रन से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल की थी। रावलपिंडी में हुए उस मैच में मेजबान टीम ने 299/5 का स्कोर बनाया था, जिसमें आघा सलमान का शतक (105*) शामिल रहा था। जवाब में श्रीलंकाई टीम वनिंदु हसरंगा के अर्धशतक (59) के बावजूद 293/9 का स्कोर ही बना सकी थी।






# सालों से पिंजरे में कैद है ये पेड़, विभाग जंजीरों से भी बांधा

एजेंसी ▸▸ हजारीबाग

**8 फीट की ऊंचाई तक घेरा गया**



आमतौर पशु-पक्षियों को पिंजरे में कैद किया जाता है, क्योंकि पक्षी उड़कर भाग सकते हैं और जानवर पिंजरे से बाहर आकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेकिन, कभी आपने किसी पेड़ को कैद में देखा है? वो भी जंजीरों से जकड़ा हुआ। ये सुनकर आश्चर्य तो जरूर होगा, लेकिन ये सच है। झारखंड के हजारीबाग में ऐसा पेड़ देखा गया, जिसे सालों से कैद रखा गया है, जैसे वह कहीं भाग जाएगा! दरअसल, हजारीबाग के वन विभाग कार्यालय परिसर में एक बेश कीमती लाल चंदन का वृक्ष बड़ा होकर तैयार हो गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह जिले में इकलौता लाल चंदन का तैयार वृक्ष है। इस कारण से इसके चोरी होने का खतरा काफी है। चोरों ने 31 जनवरी 2021 को इस लाल चंदन के पेड़ को चोरी करने की कोशिश की थी। चोरों ने चंदन के वृक्ष के एक हिस्से को काट भी दिया था। इस संबंध मे भूतनाथ मंडली के तत्कालीन अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज को लेकर आवेदन दिया था। 17 जून 2016 की देर रात अज्ञात चोर चंदन के पेड़ काट कर ले गए।मुक्तिधाम परिसर में 36 चंदन के पेड़ लगाए गए थे।

**बहुत महंगी है इस पेड़ की लकड़ी चोरी का डर**

उसके बाद इसकी सुरक्षा अब और बढ़ा दी गई। चोरों के खौफ इतना है कि चंदन के इस बड़े पेड़ को लोहे के पिंजरे में कैद किया गया, जंजीरों से जकड़ा गया, ताकि चोर पेड़ को काट न सकें। अगर, काट भी लें तो लेकर भाग न सके। पेड़ के तने को लगभग 8 फीट की ऊंचाई तक लोहे से घेर दिया गया है। यही नहीं, वन विभाग की इस पेड़ पर विशेष नजर रहती है।

### महंगी होती है ये लकड़ी

वन विभाग के सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी एके परमार ने बताया कि लाल चंदन का वृक्ष बेहद कीमती होता है। इसका उपयोग कॉस्मेटिक, पूजन से लेकर कई जगह किया जाता है। अत्यधिक महंगा होने के कारण चोरों की नजर इस चंदन के वृक्ष पर होती है। इस कारण वन विभाग में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारों ओर जंजीर और लोहे से इसे कवर किया गया है।

## 500 साल पुराना बरगद

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नरौरा में दुनिया का सबसे पुराना बरगद का पेड़ मिला है, जो प्रकृति के किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह पेड़ तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों के बाद भी 500 साल से जिंदा है। यह विशालकाय पेड़ नरौरा पावर प्लांट से लगभग आठ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसका ऊपरी घेरा करीब 4,069 वर्गमीटर में फैला है, जिससे यह दुनिया के शीर्ष 10 सबसे बड़े बरगदों में शुमार हो गया है। भारतीय परंपरा में बरगद को 'कल्पवृक्ष' कहा गया है- यानी वह पेड़ जो मनोकामनाएं पूरी करता है। यह जीवन, स्थायित्व और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। गांवों और घरों के आंगनों में इसकी पूजा-अर्चना की परंपरा आज भी कायम है।




### मंगल ग्रह पर मंडराती दिखी रहस्यमयी आकृति

**वॉशिंगटन।** नासा के क्यूरियोसिटी रोवर से कुछ समय पहले मंगल ग्रह पर खींची गई एक कथित 'तैरती हुई चम्मच' की तस्वीर ने इंटरनेट पर सनसनी फैला दी थी। सोशल मीडिया पर लोग यह अटकलें लगा रहे हैं कि क्या यह किसी प्राचीन सभ्यता या एलियन गतिविधि का संकेत है। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह रहस्यमय वस्तु वास्तव में मंगल की तूफानी हवाओं द्वारा समय के साथ तराशी गई एक अनोखी चट्टानी संरचना है।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371



अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबाः शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसीः 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेलीः महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुरः पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौलीः इच्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगरः जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्क्सः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com